मनोविज्ञान में व्यक्तित्व के अध्ययन को बड़ा महत्त्वपूर्ण माना जाता है। व्यक्तित्व के इस अध्ययन की परिपाटी के अनुरूप यहाँ सत्व, रज और तम को लेकर प्रश्नावली बना कर मापन का प्रयास हुआ कि सत्व ज्यादा है कि रज, तम (देखें राव, परांजपे, तथा दलाल, २००८; मूर्ति तथा सल्गामे, २००७; सल्गामे, २०११)। भारतीय चिंतन के जो मनोवैज्ञानिक पक्ष थे, उनका भी अनुकूलन कुछ लोगों ने पश्चिमी मनोविज्ञान के अनुरूप करना शुरू कर दिया। उसी पश्चिमी ढांचे या सांचे में फिट करने का प्रयास हमने आरम्भ किया। क्योंकि यह मान लिया कि सत्य तो उसी तरह से मिलेगा और उसी पद्धति का मापन हम अपने उपयोग में लाने लगे हैं। और भी बहुत सारे संप्रत्यय कि हैं जिसको कि विद्वानों ने देखने की कोशिश की है। Psychology And Developing Society नामक शोध पत्रिका में २०१३ में भारतीय संप्रत्ययों को लेकर कुछ वर्ष पहले एक पूरा अंक प्रकाशित हुआ, धर्म, मोक्ष, ईश्वर, कर्तव्य आदि की व्याख्या कैसे की जाती है और यह समझने की कोशिश की गई। कई शोधकर्ताओं ने लज्जा, अहंकार, स्वधर्म आदि के स्वरूप को आधुनिक मनोविज्ञान की दृष्टि से समझने और प्रस्तुत करने की कोशिश की है। मनोविज्ञान की स्नातक स्नातकोत्तर शिक्षाचर्या की परिधि में ये बातें अभी नहीं आ सकी हैं। जो मुख्य धारा है और जो सोचने की इकाइयाँ हैं या जो विषय है उससे यह सब बाहर चला जाता है। हमने भी कुछ यत्न किया, जैसे बुद्धि एक बड़ा महत्त्वपूर्ण विषय है, विवेक एक बड़ा महत्त्वपूर्ण विषय है, सृजनात्मकता एक बड़ा महत्त्वपूर्ण विषय है। रस और भाव महत्त्वपूर्ण विषय हैं। इनको लेकर के हम लोगों ने यह देखने का प्रयास किया कि इनकी सैद्धांतिक स्थिति क्या है? और व्यवहार में इनकी अभिव्यक्ति किस प्रकार से होती है? और कैसे इनका उपयोग किया जा सकता है? इनका सैद्धांतिक अभिप्राय क्या? इस दिशा में कुछ प्रयास हम लोगों ने किया है।

मैं यह उल्लेख करना चाहता हूँ कि मनोविज्ञान की मुख्यधारा जो मानी जाती है और जिनके अनुकूल अध्ययन अध्यापन हो रहा है उसने भारतीय चिंतन को कम स्थान प्राप्त होता है। इधर पिछले कुछ वर्षों में हमने प्रयोग किया, दिल्ली विश्वविद्यालय में जब मैं अध्यापन कर रहा था तब एक पाठ्यक्रम आरंभ किया जिसमें भारतीय मनोविज्ञान को विशेष रूप से पढ़ने को हमने प्रेरित किया और उसमें हमारा उद्देश्य यह था कि कुछ जो मूल ग्रंथ हैं जैसे तर्कसंग्रह, कठोपनिषद, भगवद्गीता, योगसूत्र इसके मूल अंशों को लेकर विषय का विश्लेषण किया गया और विद्यार्थियों ने स्वीकार भी किया और अच्छी संख्या में छात्र इसमें रुचि ले रहे थे। कहने का मेरा आशय यह है कि यदि प्रयास किया जाए तो यह संभव है कि भारतीय मूल के विचारों और सिद्धांतों से लाभ लिया जा सकता है। एक विषय है जो कि बड़ा ही महत्त्वपूर्ण है और बहुत सारी संभावनाएं हमारे सामने हैं और वह हैं योग और स्वास्थ्य। यह जीवन शैली से जुड़ा हुआ है। आज हमारे सामने एक विकट समस्या खड़ी हैं जो आज पूरे विश्व को प्रभावित कर रही है- कोविड-१९ महामारी। उसका एक बड़ा भारी प्रभाव यह हुआ कि सबको यह कहा गया कि आप घर के अंदर रहिए, सीमित रहिए, संकोच करिए। ऐसे में अपनी इच्छाओं को नियंत्रित करने, अपने व्यवहार को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह अगत्या ही सही प्रत्याहार कैसे होता है? इसका क्या महत्त्व है? ये प्रश्न हमारे सम्मुख खड़े हो गए। जीवन की जो आधुनिक दृष्टि और विकास का जो दृष्टिकोण हमने अपनाया है उसकी अनेक कठिनाइयाँ हमारे सामने आ रही हैं। हमें जीवन शैली

पतंजलि असंदिग्ध रूप से कहते हैं कि ये सार्वभौमिक हैं। यह संकेत करता है कि भारतीय चिंतन का स्तर और परिधि वह अत्यंत व्यापक है।

हम सब जानते हैं कि ज्ञान को सबसे पवित्र स्वीकार किया गया है और यह भी कहा गया कि ज्ञान का जो रूप है वह परा और अपरा विद्या के अंतर्गत लौकिक, जो व्यावहारिक है, और जो परमार्थिक है दोनों पक्षों को समाहित करता है। यह भी ध्यान दिया गया कि धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष के संतुलित सिद्धांत में हमारी सारी प्रेरणाएं हैं सब उसमें आ जाती है। जो रस का विचार सौंदर्यशास्त्र, नाट्य शास्त्र और काव्यशास्त्र में प्रयुक्त है। बहुत सारी उसमें ऐसी स्थापनाएं हैं जो पाश्चात्य मनोविज्ञान में 'फिट' नहीं होती हैं। वह छोटा पड़ता है। और रस के अनुरूप अंग्रेजी में शब्द नहीं है जो भाव, विभाव, संचारी भाव और रस की प्रक्रिया को समझा सकें इनके लिए इन्हीं शब्दों का प्रयोग करना पड़ेगा। हमारे एक मित्र राजीव मल्होत्रा जी हैं अमेरिका में वे एक बड़ी भारी परियोजना लेकर कार्य कर रहे हैं। Infinity Foundation उनका उन्होंने एक पुस्तक untranslatable शब्दों पदों पर प्रकाशित की है। अनुवाद करके जबरदस्ती हम जिस शब्द का प्रयोग करते हैं वे ज्ञान के बदले अज्ञान को ही बढ़ाते हैं। यह एक बड़ी भारी कठिनाई हमारे सामने है जिससे बचना जरूरी है।

भारतीय चिंतन को मनोविज्ञान के क्षेत्र में स्थापित करने में स्वास्थ्य का क्षेत्र विशेष महत्त्व का है इसमें नवीनतम कार्य न्यूरोसाइकोलॉजी में मेडिटेशन (ध्यान) के ऊपर सम्पादित है और उसमें जो महत्त्वपूर्ण और विचारणीय जानकारी यह भी है कि हमारे मस्तिष्क का जो भौतिक स्वरूप है उस पर भी ध्यान का प्रभाव पड़ता है। एक प्रकार से उसमें आत्म नियमन self-regulation होता है। कुछ वर्ष पूर्व विस्कांसिन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रिचर्ड डेविडसन का दिल्ली विश्वविद्यालय में व्याख्यान हुआ था। वे इस प्रकार का कार्य कर रहे हैं। अभी साइंस ऑफ मैडिटेशन पर उनकी एक बड़ी महत्त्वपूर्ण पुस्तक आई है। बहुत सारे उसमें जो विचार हैं। जो बौद्ध भिक्षु दीर्घ अवधि से ध्यान / मेडिटेशन का अनुभव किए हुए हैं उनके मस्तिष्क के स्कैन से मस्तिष्क की संरचना में अंतर आ रहा था। जो वायरिंग हमारे मस्तिष्क में है वह परिवर्तनशील है। उनका भी संस्कृति के द्वारा निर्धारण होता है। हमारा मस्तिष्क भी संस्कृति विशेष में विकसित होता है।

भारतीय चिंतन के कई ऐसे पहलू हैं जिन पर विचार कर मनोविज्ञान समृद्ध हो सकता है चेतना को भी हम व्यवहार का विषय मान लेते हैं। मनोविज्ञान की जिस शब्दावली से हम परिचित हैं वहां पर यह सब शामिल नहीं हो पाता है और फिर उससे हमें अरुचि तो हो जाती है और उससे हम अलग हो जाते हैं। योगशास्त्र जिसे 'ब्रह्म विद्या' कहते हैं उसके प्रमुख ग्रन्थ श्रीमद्भगवद्गीता में इतने रत्न भरे पड़े हैं जिनका अध्ययन विश्लेषण नई और समग्र दृष्टि दे सकता है। उसके अनुसार जीवन को समझाने और संचालित करने की गुत्थी समझाने में सहायता मिलेगी। स्थितिप्रज्ञ का ही विचार लें जो गुणातीत की स्थिति की ओर इशारा करता है। 'वीतराग भयक्रोध:' की स्थिति कैसे आ सकती है? और उसके क्या परिणाम होंगे? क्योंकि सुख प्राप्त करना और दु:ख का निवारण करना ही आज के मनोविज्ञान का मुख्य स्वर बना हुआ है यह उद्देश्य पर्याप्त नहीं है। यहां विचार करने की आवश्यकता है कि भारतीय चिंतकों ने धर्म के आधार पर मनुष्य को पशु से अलग किया है। वह विवेक

में दृष्टि से संपन्न करता है कि हम किस भाँति उचित अनुचित का निश्चय करें और हमारा जीवन कैसे चल सकता है। महात्मा गांधी भी इस विचार के अनुयायी थे।

इसी प्रकार व्यष्टि और समष्टि का क्या संबंध है वह भी एक चुनौती के रूप में हमारे जीवन के समक्ष उपस्थित हो रहा है। इस प्रकार वह विभिन्न प्रभावों से चाहे वह मीडिया का हो या बाजार का हो उससे प्रदूषित हो करके हमारे जीवन को प्रभावित कर रहा है। मैं इसलिए इसका उल्लेख कर रहा हूँ कि स्वास्थ्य की समस्या केवल भारत में नहीं सम्पूर्ण विश्व में बड़ी विकट रूप में उपस्थित हो रही है और मानसिक स्वास्थ्य की समस्या इतनी विकट है कि इसके पीछे पश्चिमी देशों में न जाने कितने बिलियन डालर खर्च होते हैं। उसका जो आधार है हमें लगता है कि जो हमारी विश्व दृष्टि है उस पर निर्भर करता है। जो सीमित विश्व दृष्टि है वह कहीं न कहीं हमें बांध देती है। यदि हम यह मानकरके चलते हैं कि **'सर्वम खल्विदं ब्रह्म'** अगर हम इसकी व्यापकता की बात करते हैं, आजकल इंक्लूसिव शब्द का प्रयोग बहुत हो रहा है अब इससे बढ़कर के इंक्लूसिव और क्या हो सकता है। इसका उपयोग गांधी जी ने भी किया था कम से कम बहुत सारे लेखन में और उनके आचरण में यह दिखाई पड़ता है। वे ईश्वर को मनुष्य के रूप में पाते हैं। श्री अरविंद का integral psychology नाम से विचार integral Yoga भी है। वे कहते हैं कि जो हमारा मानस या अंत: करण एक करण है उसको योग द्वारा परिष्कृत करना होता है। श्री अरविंद मनोविज्ञान की दृष्टि से एक नया सांचा प्रस्तुत करते हैं। वह मन के कई स्तरों का उल्लेख करते हैं और उसका विश्लेषण भी उन्होंने प्रस्तुत किया है वह भी बड़ा भारी योगदान है। लेकिन यह भी मुख्यधारा के मनोविज्ञान में बहुत अधिक सम्मिलित नहीं हो सका है। मैं यह कहना चाहता हूँ। कि आधुनिक मनोविज्ञान का जो वैश्विक परिदृश्य हैं उसमें १९७० के बाद संस्कृति को महत्त्व दिया जाने लगा। लेकिन वह भी अभी भी हाशिए पर है। और संस्कृति को महत्व दिए जाने के फलस्वरूप इन विचारों के स्वीकृति की संभावना बढ़ जाती है। इस चर्चा में यह भी उल्लेख आना चाहिए कि विज्ञान की अवधारणा पर भी जो विधेयावादी या पॉजिटिविस्ट दृष्टिकोण है वह देहवादी दृष्टिकोण है। उसके ऊपर भी शंका कई स्तरों पर उठी हैं और विज्ञान दर्शन में गंभीर चर्चा है कि विज्ञान को उतना स्वच्छ नहीं माना जा सकता कि वह धर्म का स्थान ले ले। पश्चिम में रिलीजन को हटा करके उसके स्थान पर विज्ञान को स्थापित किया गया। धर्म निश्चित रूप से रिलिजन से ऊपर है और अधिक व्यापक है। उसको तो स्थापित करना पड़ेगा। यदि हम जीवन और उसकी सत्ता के प्रति एक समग्र दृष्टि रखते हैं तो और इस चेतन जगत को ब्रह्मांड को एक सक्रियता के रूप में या संगठन के रूप में हम देखते हैं जो एक दूसरे के साथ हम संबंध देखते हैं। जल हो या पर्वत हो यह सब के सब कहीं न कहीं हमारे आदरणीय हैं। कालिदास के अभिज्ञान-शाकुंतलम् के जो प्रथम श्लोक में जो प्रत्यक्ष रूप से जो उपस्थित है अर्थात् सब कुछ वहां पर ईश्वर उपस्थित है।

हम कहना चाहते हैं कि भारतीय दृष्टि में बहुत सारे ऐसे तर्क, प्रमाण और ऐसे उपयोगी विचार हैं जो सार्वभौमिक रूप से उपयोगी हैं। वे जाति या धर्म विशेष से कोई महत्त्व या संबंध नहीं रखते हैं। वह प्राणिमात्र की स्थिति से जुड़े हुए हैं। लेकिन इन सब को लेकर के जो मनोविज्ञान की अवधारणा विकसित होनी चाहिए वह विकसित नहीं हो सकी है। यद्यपि कुछ ऐसे बिंदु हैं जहाँ हस्तक्षेप हुए हैं। उदाहरण के लिए मैंने कुछ बिंदुओं का

उल्लेख किया जैसे जिसे नैतिकता कहते हैं इस के स्तर क्या हो सकते हैं, तो अमेरिका के एक मनोवैज्ञानिक रिचर्ड श्वेडर (१९९१ )उनकी एक पुस्तक है Thinking Through Cultures जिसमें भारत में उड़ीसा में किये शोध का वर्णन है। और इसके आधार पर उन्होंने कहा की नैतिकता का एक पक्ष divinity या देवत्व वाली है। उसको सिद्धांत में प्रस्तुत करने का यत्न उन्होंने किया। जो आत्मा का स्वरूप है जिसका एक छोटा रूप सेल्फ है उसको लेकर अनेक अध्ययन हुए हैं जहां यह परिलक्षित होता है कि स्व को आत्मा को देखने की जो दृष्टि है वह भिन्न-भिन्न प्रकार की है और उसमें पाश्चात्य चिंतन और उसमें स्थापित जो क्रूर किस्म का व्यक्ति केंद्रण cruel individuality है उसका विकेंद्रीकरण है। तो स्व को लेकर के जो भिन्नता पाई गई हैं वह प्रदर्शित करती हैं कि हमारे सोचने और देखने की जो दृष्टि है, हमारा समुदाय से जो संबंध है वह भिन्न प्रकार है।

हाँ यह भी ध्यान रखने की बात है कि भारत के विषय में कठिनाई यह भी है कि शास्त्र जो लिखे गए, जिस काल में लिखे गए और प्रस्तुत किए गए और आज का जो समय है, जिनके ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं, उनके बीच में सामंजस्य कैसे स्थापित किया जाए? उस पर भी विचार करना आवश्यक है क्योंकि बहुत सारे परिवर्तन हुए। वर्ण व्यवस्था, जाति व्यवस्था फिर जाति के अंदर उप जाति व्यवस्था को लेकर व्यवस्था में परिवर्तन हुए हैं। आज आचरण और व्यावहारिक संबंधों में बहुत सारे परिवर्तन आए हैं तो कहाँ हम टिकें है उसमें तो कहीं न कहीं उस पर भी विचार करने की आवश्यकता है। संस्कृति स्थिर नहीं रहती है वह परिवर्तनशील है और समय के साथ-साथ बहुत सारे परिवर्तन होते रहते हैं। भौतिक विज्ञान के तो कई ऐसे विषय हैं जो सदैव के लिए स्थापित रहते हैं उनकी विशेषताओं को तो आप पकड़ सकते हैं लेकिन क्या ऐसी विशेषताएँ मनुष्य में हैं? तो मनोविज्ञान में जो बहुत सारा निरंतर परिवर्तित हो रहा है प्रतिदिन सैकड़ों विचार या अवधारणाएँ प्रस्तुत होती हैं। उसका एक कारण यह भी है कि इंद्रियानुभव पर बल देते हैं तात्कालिक जो परिस्थिति है जो ऐतिहासिक समकालिक परिवर्तन हो रहा है उस पर हम बहुत अधिक बल देते हैं।

ऐसा भी नहीं है कि मनोविज्ञान दर्शन से पूरी तरह मुक्त है क्योंकि निरंतर उसमें परिवर्तन दिखाई पड़ता है. यह परिवर्तन अनेक रूपों में दिखाई पड़ता है। प्रौद्योगिकी भी हमारे जीवन को प्रभावित कर रही है. देश काल के जो संबंध है वे बदल रहे हैं। इन सब के आलोक में हमारे विचारों में किस तरह का परिवर्तन अपेक्षित होगा यह भी हमारे लिए विचारणीय है। इस सन्दर्भ में मनोविज्ञान का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है जिसमें सत्य की बहुलता है। निस्बेट (२००३) चिंतन के भूगोल की बात करते हुए विभिन्न संस्कृतियों में चिंतन की विविधता (जैसे एशिया में चक्रीय और संदर्भ आश्रित यूरो-अमेरिकी में रैकि तथा व्यक्ति / वदतु केन्द्रित सोच होती है) की पुष्टि की है। गर्गेन (२०१६) की दृष्टि में यथास्थितिवाद से आगे बढ़ कर समाज विज्ञान को भविष्य निर्माण पर ध्यान देना चाहिए।

उत्तर आधुनिक विचार एक सत्य नहीं मानता है। वह कई प्रकार के सत्य को मानता है क्योंकि सत्य रचा जाता है, खोजा नहीं जाता। तो ज्ञान का यह भी दायित्व है कि वह श्रेष्ठ को प्रतिपादित करें और उस दिशा में ले चलने का मार्ग प्रशस्त करें। और भविष्य का निर्माण कैसा हो यह विचार भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। कार्य इतना ही नहीं है कि हम भिन्न-भिन्न विषयों की सामग्री एकत्र करते रहें, उसकी गणना करते रहें और उसके आधार पर कुछ सिद्धांत निरूपण करते रहें बल्कि हम यह भी देखें कि भविष्य में क्या हो सकता है? क्या

होना चाहिए? जो मनोविज्ञान है वह इंपीरिकल के रूप में जो कुछ मौजूद है उसका यथातथ्य गणना विश्लेषण करने तक ही अपना कार्य मान लेता है। वहीं पर वह अपने को सीमित और स्थापित करता है। उत्तर आधुनिक दशा में जो चिंतन की प्रक्रिया दिखाई पड़ती है वहाँ पर बहुत सारे लोग इस दृष्टि से विचार कर रहे हैं। चिंतन की दृष्टि भिन्न-भिन्न संस्कृतियों के विचार को महत्त्व और अवसर प्रदान करती है। इस परिदृश्य में भारतीय चिंतन की उपयुक्तता की परीक्षा और उपयोग लाभप्रद होगा।

**असतो मा सद्गमय !**
**तमसो मा ज्योतिर्गमय !!**
**मृत्योर्मा अमृतं गमय !!!**

**सन्दर्भ**


- Akhilanand,S.(1948). Hindu psychology: Its meaning for the West. London: George Routledge & Sons.
- Akhilanand, S. (1952). Mental health and Hindu psychology . London: George Routledge & Sons.
- Bhawuk, D. P. S. (2011).Spirituality and Indian psychology: Lessons from the Bhagavadgita. New York: Springer.
- Chaudhary, N., Misra, G., Bansal, P., Valsiner , J. , & Singh, T. (2022). Making sense of culture for the psychological sciences. Review of General Psychology,
- Cornelissen, R. M. M.(2003).The need for Indian tradition. Psychological Studies, 48. 38-52
- Cornelissen, R. M. M., Misra, G., &Varma, S. (Eds.). (2014). Foundations and applications of indian psychology. New Delhi: Pearson.
- Dalal, A. K. (2014). A journey back to the roots: Psychology in India. In R. M. M. Cornelissen, G. Misra, & S. Verma (Eds.), Foundations and applications of Indian psychology (pp. 18–39). New Delhi: Pearson.
- Dalal, A. K., & Misra, G. (2010). The core and context of Indian psychology. Psychology & Developing Psychology, 22, 121–155.
- Dalal, A. S. (Ed.). (2001). A greater psychology: An introduction to Sri Aurobindo's psychological thought. Pondicherry: Sri Aurobindo Ashram.
- Gergen, K.J., Gulerce, A., Lock, A.L.& Misra, G. (1996). Psychological science in cultural context. American Psychologist, 51, 496-503.
- Guenther, H.V.(1957). Philosophy and psychology in the abhidhamm. Delhi: Motilal Banarasidas .
- Henry, J. (2013). Quieting the mind and low arousal routes to happiness. In S. David, I. Boniwell, & A. C. Ayers (Eds.), The Oxford Handbook of Happiness (pp. 411-426). London: Oxford University Press.
- Henrich, J., Heine, S.J., & Norenzayan, A.(2010). The weirdest people in the world ? Behavioral and Brain Sciences, 33 (2-3), 61-135.
- Kalghati, T.G. (1961). Some problems in Jaina Psychology . Dharwar: Karnataka University.
- Kuppuswamy, B. (1985). Elements of ancient Indian psychology. New Delhi: Vikas Publishing House.
- Mascolo, M.F., Misra, G. & Raspisardi, C. (2004). Individual and relational conceptions of self ninda and the United States. New Directions for Child and Adolescent Development, 104 , 9-26.

- Mehta, M.L. (1957). Jain psychology: A psychological analysis of the Jain doctrine of Karma. Amritsar.
- Menon, S. (2005). What is Indian psychology: Transcendence in and while thinking. Journal of Transpersonal Psychology, 37(2), 83-09.
- Misra, G., Sanyal, N., & De, S (Eds.). Psychology in modern India: historical, methodological and future perspectives. New Delhi: Springer.
- Misra G., & Paranjpe A.C. (2012).Psychology in modern India. In: Rieber R.W. (eds) Encyclopedia of the history of psychological theories. Springer, New York, NY
- Misra, G. (Ed.). (2013). Psychology and psychoanalysis. Volume XIII Part 3 of History of science, philosophy, and culture in Indian civilization, General Editor: D.P. Chattopadhyay. Centre for Studies in Civilizations.
- Misra, G. (2003).Implications of culture for psychological knowledge. In J. W. Berry, R. C. Misra, & R. C. Tripathi (Eds.), Psychology in human and social development (pp. 31–67). Sage.
- Misra, G., & Mohanty, A. K. (Eds.). (2002). Perspectives on indigenous psychology. New Delhi: Concept.
- Misra, G., & Gergen, K. J. (1993).On the place of culture in psychological science.International Journal of Psychology, 28, 225–243.
- Murthy, P. K., & Salagame, K. K. K. (2007). Concept triguna: A critical analysis and synthesis. Psychological Studies, 52(2), 103-113
- Nakamura,H.(1964). Ways of thinking of eastern people India, China, Tibet and Japan . Honolulu : The University Press of Hawaii .
- Naranjo C & Ornstein,R.C. (1971). On the psychology of meditation. New York: Viking Press.
- Nisbett, R.E. (2003) The Geography of Thought: How Asians and Westerners think differently … and why. New York: Free Press.
- Paranjpe, A. C. (1984). Theoretical psychology: The meeting of east and west. New York: Plenum Press.
- Paranjpe, A. C. (1998). Self and identity in modern psychology and Indian thought. New York: Plenum Press.
- Paranjpe, A. C., & Misra, G. (2012). Psychology in premodern India. In R. W. Rieber (Ed.), Encyclopedia of the history of psychological theories (Part 16) (pp. 592–908). New York: Springer.
- Rao, S. K. R. (1962). Development of psychological thought in India. Mysore : Kavyalay Prakashan.
- Rao, K.R. (2011).Trishula: Trident model of person in Indian psychology. In G. Misra (ed.) Handbook of psychology in India(pp 17-35). New Delhi: Oxford University Press.
- Rao, K. R., & Paranjpe, A. C. (2016).Psychology in Indian tradition. New Delhi : Springer.
- Rao, K. R., Paranjpe, A. C., & Dalal, A. K. (Eds.). (2008). Handbook of Indian psychology. New Delhi: Cambridge University Press.
- Safaya, R. (1975). Indian psychology: A critical and historical analysis of psychological speculation in India philosophical literature. New Delhi: Munshiram Manoharlal.
- Salagame, K. K. K. (2011). Indian indigenous perspectives and concepts: Developments and future possibilities. In G. Misra (Ed.), Psychology in India Volume IV: Theoretical and Methodological Developments (pp. 93-172). New Delhi: Pearson Education.

- Sen, I. (1986). Integral psychology: The psychological system of Sri Aurobindo & Pondicherry: The Aurobindo International Centre of Education.
- Sinha, D. (1997). Indigenizing psychology. In J. W. Berry, Y. H. Poortinga, & J. Pandey (Eds.), Handbook of cross-cultural psychology, Vol. I-Theory and method (pp. 129–69). Boston: Allyn& Beacon.
- Sinha, D. (1986). Psychology in a third world country: the Indian experience. New Delhi: Sage.
- Sinha, J. (1933/1985). Indian psychology: Perception. London, New Delhi: Kegan Paul and Motilal Banarsidas.
- Sinha, J. (1958). Indian psychology, Vol. 1 & 2. Calcutta: Jadunath Sinha Foundation
- Sinha, J. (1985). Indian Psychology, Vol. II –Emotion and Will. Delhi: MotilalBanarasidas, (Reprint 1996).
- Sinha, J. B. P. (2002). Towards indigenization of psychology in India. In G. Misra & A. K. Mohanty (Eds.), Perspectives on indigenous psychology (pp. 440–457). New Delhi: Concept.
- Srivastava , A.K. & Misra, G.(2003). Going beyond the model of economic man: An indigenous perspective on happiness. Journal of Indian Psychology, 21, 12-29.
- Svoboda, R.E. (2005). Prakriti :Your Ayurvedika Constitution. New Delhi: Motilal Banararasidas.
- Taimni I.K. (1961). The science of yoga. Adyar, Madras: The Theosophical Publishing House .



**–पूर्व कुलपति**
**महात्मा गान्धी अन्तरराष्ट्रीय**
**हिन्दी विश्वविद्यालय**
**वर्धा, महाराष्ट्र**

# व्यक्तित्व विकास की पंचकोशीय संकल्पना

**-डॉ. कामना विमल शर्मा**

राष्ट्र चरित्र व्यक्तिगत चरित्रों का समष्टि रूप है। एक व्यक्ति के सद्विचारों एवं सत्कर्मों की एकरूपता ही उसका चरित्र बनाती है। संयत इच्छाशक्ति से प्रेरित सदाचार ही चरित्र कहलाता है। मानव का व्यक्तित्व उसके स्थूल, सूक्ष्म शरीरों और आत्मा का समन्वित रूप है, जो चरित्र रूप में प्रकट होता है। वैदिक वाङ्मय में इन्हें पञ्चकोशों के रूप में बताया गया है। मानव व्यक्तित्व में विविधता इन तीनों कोशों के विकास पर निर्भर करती है तथा अन्नमय कोश से आनन्दमय कोश तक की यात्रा से व्यक्तित्व विकास एवं प्राप्ति व्यक्तित्व की पूर्णता है।




**अन्नमय कोशः-**

अन्न रस से निर्मित और पोषित मांस, मज्जा, अस्थि, त्वचा, रक्त, लार, स्वेद, रतस् अन्न[१] आदि से निर्मित मानव का स्थूल शरीर आत्मा का बाह्यतम कोश दृश्य अन्नमय कोश वृद्धि है- **'स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः'**[१]। यह अन्नमय कोश ही जीवन-मृत्यु का कारक और पोषण का साधन और श्रेष्ठ कर्मों का आधार है- **'तपसा चीयते ब्रह्म ततोऽन्नमभिजायते। अन्नात् प्राणो मनः सत्यं लोकाः कर्मसु चामृतम्।**[२] विकसित और पुष्ट अन्नमय कोश ही स्वस्थ एवं नीरोगी व्यक्तित्व की प्रथम अनिवार्यता है। **'पश्येम शरदः शतम्'**[३], **'शरीर मे विचर्षणम्'**[४] **'कर्णाभ्यां भूरि विश्रवम्'**[५] जैसे वैदिक प्रार्थनाएँ अन्नमय कोश के

१. तै. २.१.३
२. मृ. १.१.८
३. ऋग ७.६६.१६
४. शुक्ल यजु. २६.२४
५. तै. १.४.१

महत्त्व को दर्शाती हैं। परिश्रम द्वारा इस कोश का विकास होता है- **'न ऋते श्रान्तस्य संख्याय देवा:''**[६] इस मानव शरीर के द्वारा शुभ ग्रहण, अशुभ परित्याग और ईश्वर के प्रति कृतज्ञ भाव संभव है। यह प्रार्थना वैदिक मन्त्रों में सुस्पष्टतया परिलक्षित है-

**'भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।**
**स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवां सस्तनुभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥"**[७]

राष्ट्रवासी यदि सुगठित व्यक्तित्व के धनी हों, स्वस्थ हों, नीरोगी हों तो कर्मशीलता में वृद्धि होने से राष्ट्र समृद्धि को प्राप्त करता है। अत: प्रयत्नपूर्वक स्वास्थ्य एवं आरोग्य प्राप्ति के उद्देश्य से कार्य करना चाहिए।

तैत्तिरीयोपनिषद् राष्ट्र के युवकों के शारीरिक विकास का महत्त्व दर्शाते हुए कहा गया है **'युवा स्यात् साधु युवाध्यायकः। आशिष्ठो द्रढिष्ठो बलिष्ठो। तस्ययं पृथिवी सर्वा वित्तस्य पूर्णा स्यात् ।**[८]

भारतराष्ट्रचरित्र निर्माण में युवाओं के शारीरिक स्वास्थ्य के योगदान को दर्शाते हुए विवेकानन्द ने भी यही कहा था- Our young men must be strong ......you will understand Gita with your biceps....... your muscles, a little stronger...... You will understand the Upanishads better and the glory of atman, when your body stands firm upon your feet....... What I want is muscles of iron and nerves of steel, inside which dwells a mind of the same material as that of which the thunderbolt is made- Strength, manhood, kshatra-virya plus Brahmateja.'९

**प्राणमयकोशः-**

तैत्तिरीयोपनिषद् के अनुसार, अन्नमय कोश को प्राणादिवायु जब जीवन्त बनाती है, तब वह प्राणमय कोश कहलाता है-**'प्राणादि'....... वायुभेदा अन्नमयकोशे यदा वर्तन्ते तदा प्राणमयः कोश इत्युच्यते।**[१०] बृहदारण्यकोपनिषद् प्राण को ही जीवन रूपी सूर्य का उदय और अस्त का कारण बताता है- **'प्राणाद् वा एष उदेति प्राणेऽस्तमेति'**[११]। प्राण में ही सभी कुछ प्रतिष्ठित है **प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्।**[१२] जीवन के लिए सर्वोपयोगी होने के कारण वैदिक वाङ्मय में प्राणमय कोश के विकास, संधारण और पोषण के लिए विशेष निर्देश बताए गए हैं। श्वास-प्रश्वास के नियन्त्रण एवं संवर्धन की प्रक्रिया प्राणामय के द्वारा देह शुद्धि[१३], चित्त संयमित, एकाग्र और शुद्ध[१४] पापों का नाश-**'प्राणायामो भवेदेवं पातकेन्धनपावकः'।**[१५] तथा अष्टांग योग की प्रक्रिया आत्मसाक्षात्कार में सहायक होती है।'[१६]

---

६. ऋक् ४.३३.११
७. ऋक् १.८९.८
८. तै. २.८.१
९. Swami Vivekanand on India and her problems p 27- Advoite Ashram Mayavati, Almora, 1964.
१०. तैत्ति. २.३.१
११. बृहदा. १.५.२३
१२. प्रश्नो. २.६
१३. योगचूडामण्युपनिषद ११६
१४. जाबालदर्शनोपनिषद् ६.१३
१५. योगचूडामणि १०८
१६. महावाक्योपनिषत् २

यह प्राणमय कोश मानव के व्यक्तित्व का विकास करते हुए उसके चरित्र-आत्मिक रूप का निर्माण करता है- **प्राणर्बलं बलेन तपस्तपसा श्रद्धा श्रद्धया स्मारं-स्मारेण विज्ञानं विज्ञानेनात्मानं वेदयति।"**[१७]

अतएव राष्ट्रचरित्र निर्माण हेतु प्राण शक्ति के आयुवर्धक, आरोग्यकारक कल्याणकारी होने की प्रार्थनाएँ वैदिक वाङ्मय में यत्र-तत्र प्राप्य हैं। वर्तमान समय में स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक समस्याओं का समाधान इस प्राणमयकोश के विकास के द्वारा संभव है। साथ ही इस कोश का विकास दृढ़ संकल्प शक्ति, शान्तचित्त एवं संयमित जीवन के लिए भी आवश्यक है।

**मनोमयकोशः-**

मानव का मन तथा पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ मनोमय कोश की रचना करते हैं, जो बाह्य जगत् को व्यक्ति के लिए प्रकाशित करके उसकी जीवनदृष्टि का निर्माण करते हैं। **'मनोवाऽस्यदैवं चक्षुः।**[१८] मानव की इच्छाएँ, काम, संकल्प, कल्पनाशक्ति, सृजनात्मकता, सुख-दुःख, सामर्थ्य-असामर्थ्य सभी मन के द्वारा निश्चित की जाती हैं- **'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।'** मन की वृत्तियाँ अनन्त है- **'अनन्तं वै मन, कामः संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धा धृतिरधृतिर्धीर्भारित्येत् सर्वं मन एव।'**[१९] शिक्षा, संयम, अभ्यास और संकल्प द्वारा मन को सकारात्मक, आशावादी एवं कल्याणकारी बनाया जा सकता है- **'तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।**[२०]

वस्तुतः आधुनिक समय की अधिकांश समस्याएँ मानव मन की निरंकुशता है। आत्मसन्तुष्टि का अभाव, अहंकार, विभिन्न प्रकार के संशय, चिन्ताएँ, भ्रम, भय और कुण्ठाएँ ये मनोमय कोश के विकास के अभाव में ही उत्पन्न होती हैं। आतंकवाद, भ्रष्टाचार, अनाचार आदि सभी विश्वव्यापी समस्याओं का निदान संभव है यदि व्यक्ति अपने मन पर नियंत्रण करना सीख लें। **'मन एव समर्थ हि मनसो दृढ़निग्रहे।'**[२१] सकारात्मक एवं नियन्त्रित मन ही मानव के मंगलग्रह तक पहुँचने में प्रेरणास्वरूप रहा है, तो वहीं नकारात्मक मन आतंकवाद, पारस्परिक विद्वेष, हिंसा, आत्महत्या जैसे अपराधों के रूप में परिणत होता है। अतः आवश्यकता है कि योग के माध्यम से मन की चित्तवृत्तियों का निरोध किया जाए।[२२] विशेषकर, युवा वर्ग जो शिक्षा व्यवस्था की कमियों के कारण, जीवन के विकर्षणों से चकाचौंध होकर दृष्टिहीन एवं दिशाहीन हो जाते हैं, आवश्यकता है कि उन्हें योग के माध्यम से उनके मन की शक्ति व ऊर्जा से परिचित करवाया जाए। ऐसे युवा ही अपने श्रेष्ठ चरित्र द्वारा राष्ट्र के श्रेष्ठतम चरित्र का निर्माण करने में सक्षम हो सकते हैं।

**विज्ञानमय कोश :-**

बुद्धि तथा पंच ज्ञानेन्द्रियाँ मिलकर विज्ञानमयकोश की रचना करती हैं। ज्ञानेन्द्रियों द्वारा बाह्यजगत् का ग्रहण, बोध, प्रमाणीकरण तथा स्मरण, अभिव्यञ्जन आदि प्रकाशन संबंधी गतिविधियों से उत्पन्न विशिष्ट ज्ञान अर्थात् अहं भाव, कर्तृत्व, सुख दुःखादि भाव इस विज्ञानमय कोश के कारण विकसित होते हैं। यह अहं भाव ही व्यक्ति को ज्ञान की ओर प्रेरित करता है और मनुष्य लौकिक और पारलौकिक कर्मों में प्रवृत्त होता है- **'विज्ञानं**

---

१७. महानारायणोपनिषद् १७.१३
१८. छन्दो ८.१२.५
१९. बृद्धा. ३.१.९
२०. यजु. ३४.१.६
२१. महोपनिषद् ४.१०५
२२. योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः (पातञ्जल योगसूत्र साधनपाद १.२)

**यज्ञं तनुते कर्माणि तनुतेऽपि च। विज्ञानं देवाः सर्वे ब्रह्मज्येष्ठमुपासते॥'**[२३] इस विज्ञानमय कोश रूपी पुरुष शरीर का शिर श्रद्धा, ऋत दक्षिण और सत्य उत्तर पार्श्व है तथा योग इसकी आत्मा है- **'अन्योऽन्तरः आत्मा विज्ञानमयः तेर्नेष पूर्णः। अयं पुरुषविधः तस्य श्रद्धेव शिरः। ऋतं दक्षिणः पक्षः। सत्यमुत्तरः पक्षः। योग आत्मा।**[२४]

यह विज्ञानमय कोश व्यक्ति में जिज्ञासा तथा उसके समाधान हेतु उपलब्ध विभिन्न विकल्पों में ज्ञान तक पहुँचने के लिए आवश्यक तर्क बुद्धि का विकास करता है। परन्तु सत्यज्ञान हेतु चारित्रिक दृढ़ता एवं श्रद्धा आवश्यक है। यह सत्यज्ञान विभिन्न प्रमाणों के आधार पर होता है, जिससे व्यक्ति का दृष्टिकोण तार्किक एवं वैज्ञानिक बनता है। ऐतरेय उपनिषद् के अनुसार, इस विज्ञानमय कोश के विकसित होने पर व्यक्ति में प्रज्ञान उत्पन्न होता है, जो संज्ञान (सम्यक् ज्ञान), आज्ञान (अहं भाव), विज्ञान (विशिष्ट ज्ञान), प्रज्ञान (परम ज्ञान), मेधा (धारणावती बुद्धि), दृष्टि (दर्शन शक्ति), धृति (धैर्य/स्थिर बुद्धि), मति (मनन शक्ति), मनीषा (सूझबूझ), जूतिः (वेग), प्रेरणा (प्रेरक शक्ति), स्मृति (स्मरण शक्ति), संकल्प (निश्चय), क्रतु (कर्मठता) असु (प्राणशक्ति), काम (इच्छाएँ), वश (संयम) २५ आदि आवश्यक नैतिक गुणों को विकसित करता है। इसके अतिरिक्त एकाग्रचित्तता, प्रवृत्ति-निवृत्ति और सीने की इच्छा और क्षमता का विकास भी इसी विज्ञानमय कोश पर निर्भर करता है।

वैदिक वाङ्मय में वर्णित अहं भाव व्यक्तित्व रूप में अभिव्यक्त होता है, परन्तु उसे ही सर्वोपरि समझने से व्यक्ति में स्वार्थ एवं अहंकार जैसे दोषों का विकास होने लगता है। तब प्रज्ञान के द्वारा नैतिक-अनैतिक, करणीयाकरणीय का अपनी विवेक बुद्धि के आधार पर निर्णय करके मनुष्य कर्म में प्रवृत्त होता है। इस प्रकार उसका यह जाग्रत विज्ञानमय कोश युक्त व्यक्तित्व उसके चरित्र का अभिव्यक्त रूप होता है। कठोपनिषद् के अनुसार- **'विज्ञानसारथिर्यस्तु मनः प्रग्रहवान्नरः। साऽध्वनः परमाप्नोति तद्विष्णाः परमं पदम्॥'**[२६] बुद्धिजन्य विज्ञान ही व्यक्ति को परम पद तक पहुँचाता है।

**आनन्दमय कोशः-**

व्यक्ति का चरित्र वस्तुतः उसका आत्मिक स्वरूप होता है, जो उसके आनन्दमय कोश के विकास पर निर्भर करता है। आत्मसाक्षात्कार के हो जाने पर, अपने सम्पूर्ण अस्तित्व का ज्ञान हो जाने पर- एवं आनन्दमय ब्रह्म को जानकर ब्रह्म की शक्ति से व्यक्ति स्वयं को ब्रह्म रूप में जान लेता है- **'बह्मविद् ब्रह्मैव भवति।"**[२७] ऐसा वह व्यक्ति- **'अहं ब्रह्मास्मि'**[२८], **'तत्वमसि'**[२९] **'अयमात्मा ब्रह्म'**[३०] **'सर्व खल्विद ब्रह्म'**- की अवस्था को प्राप्त कर लेता है। स्वार्थ ईर्ष्या, द्वेष, असत्य, आदि से मुक्त वह निष्काम कर्मयोगी लोकमंगल में प्रवृत्त हो जाता है। उनके लिए तो **'विश्वं भवत्येकनीडम्'** होता है। ऐसे व्यक्ति उदात्त, धीर, आदर्श चरित्र सम्पन्न विश्व में आदर्श स्वरूप होते हैं। स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्णपरमहंस जैसे महापुरुषों से युक्त भारतराष्ट्र का चरित्र भी उदात्त,

---

२३. तैत्ति. २.३.१
२४. तैत्ति. २.३.२
२५. ऐतरेय उप. ३.२
२६. कठो. ३.९
२७. बृहदा. २.५.१
२८. बृहदा. १.४.१०
२९. छान्दो. ६.८.७
३०. माण्डूक्यो. २

विकसित, विश्वगुरु, अध्यात्मगुरु का है, जिससे विश्व प्रेरणा ले सकता है। वर्तमान समय में समाज नैतिक पतन की ओर अग्रसर है। समाज में व्याप्त वातावरण राष्ट्र का चारित्रिक प्रमाणपत्र स्वरूप होता है। राष्ट्र के निवासियों का आचरण, व्यवहार एवं भाषा उस राष्ट्र के संस्कारों और जीवनमूल्यों की ही अभिव्यक्ति होते हैं। वर्तमान भारत में जहाँ एक ओर भारत विश्व गुरु एवं विश्वनायक के रूप में सम्मानित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर समाचारपत्रों द्वारा 'उद्घाटित' तथ्य भारत के चरित्र पर ही प्रश्नचिह्न लगा देते हैं। पर्यावरण के प्रति असंवेदना, वृद्धों-बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार एवं उपेक्षा, नारी का शिक्षकवर्ग का तिरस्कार, धर्म के प्रति असहिष्णुता, संवाद के स्थान पर विवाद- क्या यही वैदिक संस्कृति है, जो हमारे पूर्वजों ने सहेजकर हमारे हाथों में सौंपी थी?

समाज की शिक्षा और दशा को सुधारकर राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करने का दायित्व उसकी सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं का होता है। अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त, विश्व संस्कृति का अनुसरण करने वाली वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में व्यक्तित्व विकास का परिणाम है नैतिक अधोपतन। अपने मूल से भटककर तथाकथित छात्र पाश्चात्य शिक्षा पद्धतियों का अनुसरण करने वाली इस शिक्षा व्यवस्था में औपनिषदिक आदर्शों को अपनाकर इसकी विसङ्गतियों को दूर किया जा सकता है और श्रेष्ठ राष्ट्रीय चरित्र के ध्येय को प्राप्त किया जा सकता है।

**-सह-आचार्या,**
**संस्कृत विभाग, दौलतराम महाविद्यालय,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

# वेदों में पर्यावरणीय वनस्पतिक-संरक्षण

-सुनील कुमार पाण्डेय

**शोध सारांश-**

वैदिक वाङ्मय में 'पर्यावरण' शब्द का नामतः उल्लेख नहीं मिलता। सर्वप्रथम डॉ. रघुवीर ने तकनीकी शब्द निर्माण के समय फ्रेंच भौतिकी शब्द 'इन्वायर्नमेण्ट' के लिए 'पर्यावरण' शब्द का प्रयोग किया है।

वे ही इस शब्द के प्रथम प्रयोक्ता हैं। इसके पूर्व पर्यावरण के अन्तर्गत आने वाले सिद्धान्तों का उल्लेख, चिन्तन और उपयोग किया जाता था। परन्तु पर्यावरणीय समस्या के न होने से 'पर्यावरण' शब्द का प्रचलन बाद में हो सका है।

**प्रस्तावना -**

वैदिक वाङ्मय में 'पर्यावरण' शब्द का भले उल्लेख नहीं हुआ, परन्तु पर्यावरण के मूलभूत सिद्धान्त इसमें प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। तत्त्वद्रष्टा वैदिक ऋषि-मुनियों ने अन्य विषयों के गम्भीर चिन्तन के समान पर्यावरण पर भी चिन्तन किया था तथा पर्यावरण के शोधक उपायों का विधान और प्रदूषण कारकों पर निषेध विहित किया था। उन्होंने पर्यावरण के लिए हानिकर प्रत्येक कार्य को आसुरी प्रवृत्ति तथा हितकर को दैवी प्रवृत्ति माना था। यह चिन्तन प्राणियों के जीवन में सहायक को दैव एवं विघातक को असुर या आसुर के नाम से प्रकाशित करता था।

केवल वैदिक संहिताएँ ही पर्यावरण का बोध नहीं कराती हैं, अपितु उत्तरवर्ती वैदिक साहित्य भी उन समस्याओं पर प्रकाश डालता है। प्राचीन ऋषियों ने अपनी रचनाओं में जीवन के विभिन्न पक्षों पर समग्र दृष्टि से विचार किया था तथा मानव के जीवन में उन्नति एवं शान्ति के मार्ग को प्रशस्त किया था।

जिस प्रकार शरीर में वात-पित-कफ आदि की सन्तुलित अवस्था का नाम स्वस्थावस्था है तथा इनका सन्तुलन बिगड़ने का नाम ही रुग्णावस्था है, उसी प्रकार वायु-जल-मृदा आदि में सन्तुलन बने रहने से समस्त सृष्टि अपनी स्वस्थावस्था में रहती है। जब इन अवयवों का पारस्परिक सन्तुलन बिगड़ जाता है, तब प्रत्येक जीव-जन्तु, पेड़-पौधों तथा मानव पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगता है, जिससे उनकी शारीरिक- मानसिक प्रवृत्तियाँ अनिष्टकारी दिशा की ओर मुड़ने लगती हैं।

ऋषि लोग मानव की शक्तियों को जानते थे तथा साथ ही उसकी दुर्बलताओं से भी परिचित थे। यद्यपि वैदिक काल में पर्यावरण प्रदूषण जैसी कोई समस्या नहीं थी, तथापि मानव स्वभाव को जानने वाले ऋषियों ने वैदिक वाङ्मय में जीवन की इस प्रकार की व्याख्या की है, जिससे पर्यावरण की समस्या उत्पन्न ही न होने दी जाय। यजुर्वेद वाङ्मय में पृथ्वी के पर्यावरण को ठीक रखने का चिन्तन सार्वकालिक है। दूषित पर्यावरण से विभिन्न संक्रामक रोग उत्पन्न होकर मानव के शरीर एवं मस्तिष्क में असाध्य रोग पैदा कर देते हैं। यह भी देखा

गया है कि कभी-कभी स्वत: नैसर्गिक प्रकुपित वायु, सूर्य, वर्षा तथा विद्युत के कारण भी पृथ्वी के पर्यावरण में अन्तर आ जाता है। कभी अकस्मात् प्राकृतिक प्रकोप से भी भयानक झंझावात आने लगता है, जिससे अनेक पेड़-पौधे फसल एवं मकान आदि ध्वस्त हो जाते हैं। कभी अत्यधिक वर्षा से नगर और गांव उजड़ जाते हैं। इसी कारण उन नगरों एवं गांवों का पर्यावरण अत्यन्त विकृत हो जाता है तथा महामारी आदि फैलने का भय हो जाता है। भयंकर आन्धी, तूफान तथा वर्षा से पर्याप्त मात्रा में जन-धन की हानि भी होती है। सूर्य के अधिक ताप से भी नुकसान होता है। सूर्य का ताप अनुचित मात्रा में बढ़ जाने से संसार में समशीतोष्ण वातावरण का अभाव हो सकता है। इन कारणों से विश्व के पर्यावरण में अन्तर आ जाता है। इन्हीं को शमन करने का उल्लेख यजुर्वेद के निम्न मन्त्रों में है-

**शं नो वातः पवता शं नस्तपतु सूर्यः।**
**शं नः कनिक्रदद्वेवः पर्जन्याऽअभि वर्षतु॥**

अर्थात् वायु हमारे लिए कल्याणमय होकर बहता रहे, सूर्य हम सबके लिए कल्याणकारी होकर तपे, गर्जना 'शान्तिपाठ' के नाम से प्रसिद्ध यजुर्वेद के निम्न मन्त्र में सृष्टि के पदार्थों में सन्तुलन बनाए रखने का उपदेश किया गया है-

**ॐ द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः।**
**वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्व शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि ॥**

अर्थ- द्युलोक शान्ति प्रदान करे, अन्तरिक्ष लोक शान्ति प्रदान करे, भूमि शान्ति प्रदान करे, जल से शान्ति प्राप्त हो, औषधियाँ शान्ति देने वाली हो, वनस्पतियाँ शान्ति प्रदाता हों, सब विद्वान् शान्ति उत्पन्न करें, ज्ञान शान्ति देने वाला हो, सब जगत् शान्ति स्थापित करें, शान्ति भी सच्ची शान्ति देने वाली हो तथा इस प्रकार की सच्ची शान्ति मुझे प्राप्त हो अर्थात् सब पदार्थ शान्ति स्थापित करने में सहायक हों।

जब यह कहा जाता है कि जल, वायु, वनस्पति, पृथ्वी आदि सभी से शान्ति मिलती रहे, तो इसका तात्पर्य यह है कि पर्यावरण के इन सभी अवयवों में सन्तुलन बना रहे। क्योंकि जब इनमें सन्तुलन बना रहेगा और ये विकाररहित होंगे, तभी वे अवयव प्राणिमात्र के लिए हितकारी हो सकते हैं, क्योंकि विकारयुक्त वस्तु से शान्ति प्राप्ति की आशा करना व्यर्थ है।

**पर्यावरण संरक्षण ( Environmentg Conservation ) :- पर्यावरण - परिभाषा, संकल्पनायें एवं प्रक्रियायें।**

**परिभाषा :-**

पर्यावरण दो शब्दों 'परि' और 'आवरण' से मिलकर बना है जिसका अर्थ है चारों ओर का घेरा। हमारे चारों ओर जो भी वस्तऐं, परिस्थितियाँ एवं शक्तियाँ विद्यमान हैं, वे मानव क्रिया-कलापों पर प्रभावित करती हैं और उसके लिये एक दायरा सुनिश्चित करती है। इसी दायरें को हम पर्यावरण कहते हैं यह दायरा व्यक्ति परिवार, आवास, गाँव, नगर, प्रदेश, देश, महादीप, ग्लोब तथा संपूर्ण सौर्यमण्डल का हो सकता है।

इस प्रकार से द्युलोक आकाश से लेकर पृथ्वी के सभी जैविक और अजैविक घटक संतुलन की अवस्था में रहें। अदृश्य आकाश द्युलोक, नक्षत्रयुक्त दृश्य आकाश अंतरिक्ष, पृथ्वी एवं उसके सभी घटक जल, औषधियाँ,

वनस्पतियाँ, सम्पूर्ण संसाधन देव एवं ज्ञान संतुलन की अवस्था में रहे तभी व्यक्ति शांत एवं संतुलित रह सकता है।'

'पर्यावरण' एक व्यापक शब्द है। यह उन संपूर्ण शक्तियों, परिस्थितियों एवं वस्तुओं का योग है जो मानव को परावृत्त करती है तथा उसके क्रिया कलापों को अनुशासित करती है। वस्तुतः अनुवांशिकता एवं पर्यावरण ये दो अत्यंत महत्त्वपूर्ण कारक मानव को प्रभावित करते हैं। मानव सम्पूर्ण जीव जगत का केन्द्र बिन्दु है। अनुवांशिकता उसकी अंतर्निहित क्षमताओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्थानांतरित करती है जबकि पर्यावरण इन क्षमताओं को भू-सतह पर लाता है। इस प्रकार से मानव तथा अन्य जीव पृथ्वी अथवा पर्यावरण के अविभाज्य अंग है और पृथ्वी को एक अविभाज्य पूर्ण इकाई का स्वरूप प्रदान करते हैं।'

**पर्यावरण के प्रकार :-**

पर्यावरण दो प्रकार के होते हैं।

**भौतिक या प्राकृतिक पर्यावरण :-**

भौतिक या प्राकृतिक पर्यावरण के अंतर्गत वे तत्त्व सम्मिलित होते हैं जो जैवमण्डल का निर्माण करते हैं। इस प्रकार से इसके अंतर्गत थलमण्डल, जलमण्डल, वायुमण्डल की जीवनधारी तहें एवं अन्य अनेक घटक यथा-भौगोलिक स्थिति, मृदा, धारातलीय एवं अधोभौमिक जल, प्राकृतिक वनस्पति, वन्यजीव तथा सूक्ष्म जीवाणु आदि सम्मिलित हैं।

**सांस्कृतिक या मानवकृत पर्यावरण :-**

सांस्कृतिक या मानवकृत पर्यावरण के अंतर्गत वे प्रक्रियायें सम्मिलित हैं जो मानव एवं प्राकृतिक पर्यावरण के बीच संबंध स्थापित करती हैं। अतः इसके अंतर्गत आर्थिक क्रियायें, धर्म, अधिवास, आवासीय दशायें तथा राजनैतिक परिस्थितियां सम्मिलित हैं।

**पर्यावरण की आधारभूत संकल्पनायें :-**

पर्यावरण की निम्न तीन संकल्पनायें हैं।

**परिस्थिति तंत्र:-**

परिस्थिति तंत्र का अभिप्राय उन अंतः क्रियाओं से है जो वनस्पति एवं पशु जगत और उनके पर्यावरण को एक पूर्ण किन्तु सक्रीय इकाई के रूप में जोड़ती है। परिस्थिति तंत्र के निम्न दो घटक होते हैं।

**अजैविक घटक :-**

इस वर्ग के अंतर्गत जीवन रहित कारक यथा- मिट्टी, जल, हवा, खनिज, जलवायु आदि पाये जाते हैं।

**जैविक घटक :-**

इस वर्ग के अंतर्गत उत्पादक अर्थात् वनस्पतियां, उपभोक्ता अर्थात् पशु एवं मानव तथा अपघटक अर्थात् बैक्टीरियां, फंगस आदि सूक्ष्म जीव होते हैं।

**परिस्थिति विज्ञान ( Ecology ) :-**

परिस्थिति विज्ञान यह पर्यावरणीय अंतः क्रियाओं का वैज्ञानिक उपागम है जो जीवित वस्तुओं के कल्याण को, उनके विवरण प्रचुरता, उत्पादन और विकास को नियमित करते हुये नियंत्रित करता है। परिस्थिति विज्ञान के

मुख्य निम्न तीन घटक होते हैं।

- **आवास क्षेत्रीय परिस्थिति विज्ञान :-**
- इसमें जीवों का उनके पर्यावरण प्रकार या आवास क्षेत्र के आधार पर अध्ययन किया जाता है। जैसे- स्वच्छ जल, सामुद्री मुहाना, पार्थिव, अंतरिक्ष, मानव, सूक्ष्मजीव आदि।
- **व्यक्ति परिस्थिति विज्ञान :-**

  इसमें किसी एक प्रजाति का अध्ययन किया जाता है। प्रजातियों का व्यक्ति परिस्थिति विज्ञान में अध्ययन की इकाई एक प्रजाति होती है।
- **सामुदायिक परिस्थिति विज्ञान :-**

  इसमें पौधों और पशुओं की अनेक प्रजातियों या समुदायों का अध्ययन होता है। इसमें अध्ययन की इकाईयाँ अनेक समुदाय होते हैं तथा अजैव पर्यावरण से उसकी प्रतिक्रिया का एक तंत्र के रूप में अध्ययन होता है।
- **जैव मण्डल :-**

  पृथ्वी में जीवन थलमण्डल, जलमण्डल और वायुमण्डल की एक पतली परत में सीमित है, जीवधारी इस परत को जैव मण्डल कहते हैं। इस प्रकार से पृथ्वी का वह भाग जिसमें परिस्थिति तंत्र कार्य कर सकता है अर्थात् जीवन युक्त मिट्टी, हवा और जल क्षेत्र जैव मण्डल या जीवन वृत्त कहलाता है।

**पर्यावरणीय प्रक्रियायें :-**

प्राकृतिक पर्यावरण में दो प्रकार की प्रक्रियायें कार्यरत हैं-

- **भौतिक प्रक्रियायें :-**

  भौतिक प्रक्रियायें धारातल के निर्माण, पोषण एवं विनाश में लगी रहती है। ये धारातल पर जैविक और अजैविक दोनों प्रकार के पदार्थ निर्माण, पोषण और विनाश करती है। अजैविक पदार्थों के निर्माण में संलग्न प्रक्रियाओं को भूगर्भिक चक्र कहते हैं। भूगर्भिक चक्र के अंतर्गत अनेक प्रकार के उपचक्र कार्य करते हैं। जलचक्र, शैलचक्र, भू-रासायनिक चक्र तथा भू-विवर्तनिक चक्र।
- **जैव रासायनिक प्रक्रियायें:-**

  जैव रासायनिक प्रक्रियायें जैविक पदार्थों का निर्माण, पोषण तथा विनाश करती है। इसे जैव भू-रासायनिक चक्र भी कहते हैं। इस चक्र में अनेक उपचक्र कार्यरत हैं। जैसे आक्सीजन, कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, सल्फर चक्र आदि।

**पर्यावरण :- अभिज्ञान एवं समस्यायें**

**पर्यावरण अभिज्ञान :-**

पर्यावरण अभिज्ञान का अर्थ है पर्यावरण विषय क्षेत्र जिसका अर्थ है संवेदनशील अथवा अर्ध-संवेदनशील वस्तुओं का ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया अथवा नैतिक अथवा सौंदर्य कलात्मक गुणवत्ता की अंतज्ञानात्मक मान्यता है।

**अभिज्ञान के निम्नलिखित स्तर होते हैं–**

- **विश्व स्तर पर पर्यावरण अभिज्ञान –**

  विश्व एक अतिविशाल इकाई है विश्व स्तर पर निर्मित अभिधारणायें एवं विचार विषयगत हैं, अतः वास्तविकता यह है कि पृथ्वी अत्यंत विशाल है, उसमें अनेकानेक विविधतायें हैं, उसके किसी छोटे से अंश से ज्यादा क्षेत्र का अभिज्ञान अत्यंत कठिन है। अतः विश्व स्तर पर विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर प्रतिमूर्तियाँ बनाई जाती हैं।

- **राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण अभिज्ञान–**

  राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण अभिज्ञान के अंतर्गत राष्ट्रीय भूदृश्य, संकट, आवासीय वरीयतायें तथा प्रादेशिक जागरूकताओं का मूल्यांकन सम्मिलित है। इस स्तर के अभिज्ञान में संकल्पनाओं, प्रतिमूर्तियों, दृष्टिकोणों तथा विचारों का प्रभुत्व रहता है जो उस देश के विचाराधीन रहते हैं।

- **प्रादेशिक स्तर पर पर्यावरण अभिज्ञान–**

  प्रादेशिक स्तर पर पर्यावरण अभिज्ञान बेहतर साध्यता एवं व्यवहारिकता के कारण अधिक उपयोगी है। प्रादेशिक स्तर पर पर्यावरण संकट संबंधी अध्ययन अधिक हुए हैं।

- **स्थानीय स्तर पर पर्यावरण अभिज्ञान–**

  नगरों के आकार, घनत्व और कार्यो में सतत् वृद्धि के कारण नगरीय पर्यावरण में अनेक समस्या आ गई हैं तथा मानव जीवन की गुणवत्ता में सुधार प्रमुख समस्या बन गई है।

**उपसंहार :–**

पर्यावरणीय समस्यायें संख्या में भारी स्वभाव में जटिल एवं व्यापक तथा आयाम में चौकाने वाली हैं। ये समस्यायें भौतिक पर्यावरण तथा सांस्कृतिक पर्यावरण से संबंद्ध है तथा आयाम और संख्या में लगातार बढ़ रही है तथा दोनों पर्यावरणों का पारस्थैतिक संतुलन अस्थिर कर रही है। मुख्य समस्या यह है कि पृथ्वी और उसके पर्यावरण को वर्तमान तथा आगे आने वाली पीढ़ियों के लिये कैसे संतुलित रखा जाये तथा संसाधानों के ह्रास को तथा पर्यावरण की स्वयं शोधक क्षमता की गिरावट को कैसे रोका जायें।

**पर्यावरण समस्याओं के सैद्धांतिक निम्न पक्ष है–**

- **आर्थिक विकास एवं पर्यावरण स्वास्थ्य–**

  उन्नत टेक्नोलॉजी पर आधारित विकास के कारण विश्व के अनेक क्षेत्र एवं देश विकास जनित कार्यों के दुष्परिणामों को भोग रहे हैं। परिमाणात्मक दृष्टि से विकास का अर्थ प्रतिव्यक्ति आय, जीवन स्तर, उपभोग स्तर तथा भौतिक उपलब्धियों से किया जाता है। विकास के इस संकल्पना ने विकासशील देशों में संसाधानों के अतिविदोहन को प्रोत्साहित किया है। ये देश न केवल अपनी आवश्यकतायें पूर्ति के लिये संसाधानों का विदोहन करते हैं बल्कि उसका निर्यात भी करते हैं कही–कहीं तो संसाधन समाप्त भी हो गया हैं, विकासशील देश विकसित राष्ट्र की नकल कर रहे है। जिससे आर्थिक विकास के कारण पर्यावरण स्वास्थ्य बिगड़ता ही जा रहा है।

- **तकनीकी आविष्कार एवं पर्यावरण ह्रास** –

  उच्चगतियुक्त टेक्नोलॉजी प्राकृतिक संतुलन को नष्ट करने के लिए प्रमुख उत्तरदायी है। प्राकृतिक संतुलन नष्ट होने के स्पष्ट प्रमाण प्राकृतिक विपदायें है जो राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा स्थानीय स्तर पर आती है नगरीय औद्योगिक टेक्नोलॉजी के अविवेकपूर्ण उपयोग ने जनसंख्या तथा उसकी आवश्यकताओं की तीव्र वृद्धि की है। दूसरी ओर इसने जैव मण्डल को इस सीमा तक नष्ट कर दिया है कि शोर होने लगा है– ''विकास सीमित करों, प्रकृति को वापिस जाओ''।

- **जनसंख्या वृद्धि एवं पर्यावरण ह्रास :–**

  जनसंख्या वृद्धि एवं पर्यावरण ह्रास एक ज्वलन्त समस्या है। जनसंख्या पर्यावरणीय समस्याओं का प्रमुख कारण भूत कारक है, वस्तुत: यह कथन आंशिक रूप से सत्य है सच्चे अर्थों में मानव अपने ज्ञान और संस्कृति सहित एक महान संसाधान है। यदि जनसंख्या सक्रिय तथा रैखिक संसाधान संकल्पना को वृत्ताकार संसाधान संकल्पना में परिवर्तित करने में सक्षम है तो जनसंख्या वृद्धि बहुत अधिक चिंता का विषय नहीं है और न ही जनसंख्या उत्तरदायित्व का हिस्सा है। अन्यथा स्वत: ही जनसंख्या वृद्धि से पर्यावरण का ह्रास होगा।

- **पर्यावरण की नीतिगत समस्यायें**–

  पर्यावरणीय संबंधी समस्यायें बहु पक्षीय एवं आयामी है। अत: उनके निराकरण के लिये बनाई जाने वाली नीतियाँ एवं कार्यक्रम क्षेत्र और समय के संदर्भ में व्यापक एवं प्रभावशाली होना चाहिये। एक व्यापक नीति के निर्धारण के समय यह ध्यान रखना चाहिये कि सभी संबंधित समस्याओं एवं पक्षों पर एक साथ विचार हो।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची :–**


१. शर्मा श्रीराम, ऋग्वेद संहिता भाग–१, हरिद्वार, प्रकाशक ब्रह्मवर्चस, शांतिकुंज, २००१
२. शर्माश्रीराम, ऋग्वेद संहिता, भाग–२, हरिद्वार, प्रकाशक ब्रह्मवर्चस, शांतिकुंज, २००१
३. अथर्ववेद ६/१५/१
४. अथर्ववेद ४/१५/१
५. अथर्ववेद १/२३/१
६. अथर्ववेद १/२३/३
७. अथर्ववेद १/२४/४
८. अथर्ववेद ४/३७/४
९. अथर्ववेद ४/१२/१
१०. अथर्ववेद २/८/३
११. अथर्ववेद ४/३७/३
१२. अथर्ववेद ३/६/१
१३. अथर्ववेद ८/७/१७
१४. एतरेयोपनिषद २/१



**–शोध छात्र, संस्कृत**

**डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय**

**अयोध्या ( उ०प्र० )**

# नारी सशक्तिकरण एक लोकादर्श

## ( डॉ. बनमाली बिश्वाल के संस्कृत गद्यकाव्यों के सन्दर्भ में )

-डॉ. भूपेन्द्र कुमार राठौर

लोक चिन्तन एवं जनचेतना के नवीन पुरोधा डॉ. बनमाली विश्वाल आधुनिक संस्कृत साहित्य की विविध विधाओं में निपुण स्वनामधन्य संस्कृतजगत् को स्वज्ञान मीमांसा से सिञ्चित एवं पल्लवित करने वाले हैं। श्री विश्वाल ने संस्कृत लघु कथाओं का प्रणयन कर उन्हें लोक के साथ हिन्दी कवियों के समान जोड़ने का प्रयास किया है। हिन्दी कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जी ने लिखा- **वह तोड़ती पत्थर, इलाहाबाद के पथ पर।**

यह मानवीय संवेदना का उज्ज्वल प्रतिबिम्ब आज बनमाली जी की रचनाओं में सार्थकस्वरूप उभरा है। श्री बिश्वाल जी के निम्न कथाग्रन्थ हैं - **नीरवस्वनः , बुभुक्षा**, **जिजीविशा**, **जगन्नाथचरितम्**, **सकालरमुहुँ**। इनमें लोकचेतना पर पर्याप्त चिन्तन मिलता है परन्तु यह कहना न्यायसंगत ही होगा कि कवि की सम्पूर्ण रचनाएँ कवितादि लोकचेतना से पूर्णतः आप्लावित हैं या कहें कि श्री विश्वाल लोक चेतना के चेतन स्वरूप ही हैं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं है।

लोकचेतना अर्थात् लोक की चेतना, लोक के लिए चेतना, लोक में चेतना आदि विविध विग्रह सम्भावित हैं। प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी लोक को चेतना सम्मत मानते हुए लिखते है कि- **न केवलं स्थावर जंगमात्मकम्, अपितु चेतनया विभाव्यमानं विभाव्यमानं सकलमेव भुवनं इति वक्तव्यम्। लोकोऽयं न स्थाणुः, न वा स्थिरोऽपि तु प्रतिक्षणं परिवर्तमानो विकसँश्च वरीवर्ति।**[१] अतः ममम्टादि द्वारा स्वीकृत स्थावर जंगमात्मक जगत् मात्रा ही लोक नहीं है अपितु चेतना से विभाव्यमान सकल भुवन ही लोक है। इसीलिए श्री राधावल्लभ जी ने लोक को काव्य का सारतत्त्व प्रतिपादित किया है- **लोकानुकीर्तनम् काव्यम्** अर्थात् लोक का अनुकीर्तन ही काव्य है।[२] हर्षदेवमाधव लिखते हैं कि- **लोक लोकोत्तरापूर्व वर्णनक्षमं कविकर्म काव्यम्** अर्थात् लोक, लोकोत्तर के अपूर्व वर्णन में समर्थ कवि कर्म काव्य हैं, तत्पश्चात् वे पुनः लिखते हैं- **लोकोऽयं मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षामयः। लोकोत्तरञ्च मुदितामयं ह्येव उभयस्यापूर्ववर्णनक्षमं काव्यम**[३] अर्थात् यह लोक मैत्री, करुणा, मुदिता उपेक्षामय है और लोकोत्तर केवल मुदितामय ही है। अभिराज राजेन्द्र मिश्र जी लोकगीत प्रकरण में लोक को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि- **लोक एवं लोकगीतानां सर्वविध प्रमाणम्। रसियाख्यं गीतं ब्रजमण्डलख्यातं कथं गीयेत, कथाशैल्या गीयेत, केन कण्ठ ध्वनिना गीयेतेति सर्वत्रापि ब्रजक्षेत्रमेव प्रमाणं, न पुनः महाराष्ट्र न चापि बङ्गक्षेत्राम्। अतएव विशिष्टलोक एव तत्राल्लोक गीतानां नियामकं शास्त्रं भवति। किञ्च लोकाः प्रायेण लोकसाहित्य एव दक्षा भवन्ति न पुनः शिष्ट साहित्ये परन्तु**

१. अभिनवकाव्यालंकार सूत्रम्, व्याख्याकार डॉ. रमाकान्त पाण्डेय पृ.-४ ।

२. अभिनव काव्यालंकार सूत्रम् १/१/१-३१

३. वागीश्वरी कण्ठसूत्रम् १/१३, पृ.- ४३, ४४ ।१

**शिष्ट साहित्यदक्षा नागरास्तु लोकसाहित्येऽपि पारङ्गता भवन्ति महाकवि राजशेखरवत्। वस्तुतः लोकं संस्कृतमनस्कं विधातुमेव यथा लोकगीतं समाश्रितम्।**[४]

इस प्रकार अर्थ निर्वचनों से प्रतिपादित होता है कि दृश्यमान् चराचर जगत् के प्रति ज्ञान, संज्ञा, बोध, समझ, प्रज्ञा, बुद्धिमत्ता, विचारविमर्श, संवेदनशीलता, सजगता एवं सजीवता को समष्टि रूप में लोकचेतना कहा जा सकता है। लोकचेतना जीवन को सम्पूर्णता में परखने की एक बौद्धिक प्रणाली है। इस प्रणाली में ज्ञान का कठोर अनुशासन और भाषा का परिष्कृत विधान उतना महत्त्व नहीं रखता जितना जीवन बोध के प्रति सर्जक या समीक्षक की आस्था का महत्त्व होता है। लोक चेतना की पूरी प्रक्रिया में व्यक्ति सत्ता की अपेक्षा सामूहिक जीवन के प्रति साधारणीकृत संवेदना महत्त्वपूर्ण होती है। एक लोक चेतनधर्मी रचनाकार की लेखनी व्यक्ति, समाज, राष्ट्र, विश्व, संस्कृति, प्रकृति, आम नागरिक दलित, स्त्री, भ्रष्टाचार, कुरीतियाँ, आडम्बरपूर्ण जीवनशैली, मजदूर (श्रमिक), किसान आदि विविध रंगो को चित्रित करती हुई दृष्टिगोचर होती है और यह समग्रता सामूहिक बोध अध्यात्म के बिना सम्भव नहीं है। इस प्रकार जितना विस्तार जीवन का है, सृष्टि का है, उतना ही विस्तृत फलक लोकचेतना का है। जीवन का प्रत्येक क्षेत्र लोकचेतना में ही निहित है।

प्रो. बनमाली विश्वाल का तो सम्पूर्ण रचनाधर्म लोकचेतना परक है। उन्होंने इस लोक जीवन की शक्ति को पहचाना तथा अपनी रचनाओं में लोकचेतना की अधिकाधिक अभिव्यक्ति की। डॉ. बनमाली विश्वाल की **बुभुक्षा, जीजिविशा, नीरवस्वनः** कथासंग्रहों में जीवन की कटु यथार्थता के दृश्य दिखायी देते हैं। समाज में व्याप्त अनेकानेक समस्याओं की और ध्यान आकर्षित करते हुए डॉ. विश्वाल ने शोषण, अत्याचार, आतङ्कवाद, स्वार्थपरता आदि के विरोध में विद्रोह के स्वर प्रमुखता से लेखनीबद्ध किये हैं।

भारतीय संस्कृति की जीवन्त परम्परा में समर्पित पत्नी व वात्सलयमयी मां के रूप में नारी की भूमिका सर्वोपरि रही है। **माता भूमिः पुत्रोऽहम् पृथिव्याः** का जयघोष हमारी संस्कृति की धरोहर है। परन्तु आधुनिककाल में धीरे-धीरे समाज में नारी की दशा दयनीय व शोचनीय हो गयी। जातिप्रथा की कठोरता, सामन्ती राजव्यवस्था व विदेशी आक्रमणों के कारण नारी स्वतन्त्रता सीमित हो गयी। **'ना स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति'** जैसे वाक्य नारी की पराधीनता के द्योतक हैं।[५] मानवीय आधार पर नर-नारी समान हैं स्वस्थ व सन्तुलित समाज की रचना के लिए दोनों का समान होना आवश्यक है। अतः कहा भी है- Humanity Recognized no sex, Mind Recognized no sex, life and death, Pleasure and pain, Happiness and misery Recognized no sex, yet she in not recognized as equal.[६]

वर्तमान में जब देश प्रगति कर रहा है ऐसे में नारी की स्थिति में अपेक्षाकृत परिवर्तन तो हुआ, वह पुरुष के साथ कदम से कदम मिलाकर, आगे बढ़ रही है किन्तु अभी भी समाज में नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं हो सका है जो होना चाहिए। जीवन की सृजनात्मक शक्तियों के विकास में नारी की महती भूमिका होने पर भी उसे उपेक्षा और अनौचित्यपूर्ण दृष्टि से देखा जाता है। नारी की इस पीड़ा का प्रतिपादन डॉ. नलिनी शुक्ला के मुक्तिमहोत्सव में है, यथा- **समाज यत् क्रीडनकमात्रअङ्कमेवावलोक्यते यस्यां स्थितौ अतुष्टा अपीमाः**

४. संस्कृत प्रतिभा, अङ्क (जुलाई-सितम्बर-२०१६) उन्मेष ६० पृ.-५८-६०१

५. अर्वाचीन संस्कृत साहित्य के नवीन आयाम डॉ.सुदेश आहूजा पृ. - २७२१

६. Indian women's Odyscey to concnde liberation Dr. Neera jain p-७.

**सन्तुष्टा एव परिलक्ष्यते नार्यः पुत्तलिकां इव च समाजेन यथाकामं प्रचालयन्ते। व्यथितां गां विलोक्य स्वयमपि व्यथितमानसा सा कथमिनां परितोशयामि कथं वा आश्वासयामि, इति सदुपायहीना मत्समीपमान्तुं नोदसहत।**[७] वर्तमान परिप्रेक्ष्य में दृष्टिपात करने पर हमें ज्ञात होता है कि- बालविवाह, दहेजप्रथा, पर्दाप्रथा, भ्रूणहत्या जैसी अनेक कुरीतियों ने नारी अस्तित्व को बड़ा आघात पहुँचाया है। नारी की इस पीड़ा को हमारे आधुनिक विद्वानों ने समझा है और अपने संस्कृत के लघुरूपकों, कथाओं, उपन्यासों आदि में समाविष्ट करके समाज के सामने प्रस्तुत किया है। नारी इस मर्मान्तिक पीड़ा के निष्णात कथाकारों में एक हैं- डॉ. बनमाली विश्वाल।

श्री विश्वाल के **नीरवस्वनः, बुभुक्षा, जगन्नाथचरितम् तथा जिजीविशा** में संस्कृत लघु कथा संग्रहों में नारी की मर्मान्तिक पीड़ा, निर्ममशोषण के विरुद्ध आवाज उठी है, जो समाज में नारी चेतना का संकेत करती है।

**'नीरवस्वनः'** कथासंग्रह का नामकरण ही नारी चेतना की और संकेत करता है। कथाकार यहाँ महिला उत्पीड़न की अभिव्यक्ति में लिखता है कि-**ममाशयमबुधय प्रफुल्लितायाः तस्य मनः भृशं विशादग्रस्तमभूत्। मत्सविधे मौनमभियोगं प्रस्तुतवती केवलम्। न जाने किमर्थम् ममहृदयं भृशं व्यदारयत तस्या स नीरवस्वनः अहम् किन्तु निरूपाय एवासम्। तस्य नीरवस्वनस्य कृते ममापि नीरवा एवासीत् सहानुभूतिः।**[८]

नीरवस्वनः कथासंग्रह की चम्पी कथा नारी जीवन से जुड़े उत्पीड़नों को सशक्तता के साथ मुखरित करती हैं। चम्पी मानसिक रूप से विक्षिप्त एक ऐसी स्त्री की कथा है जो पुरुष मानसिकता के प्रति विद्रोह उत्पन्न करती है। एक विक्षिप्त स्त्री का देह शोषण समाज की संवेदनहीनता व विकृत मानसिकता को व्यक्त करते हैं। चम्पी की पीडा को कथाकार ने इस प्रकार व्यक्त किया है – **गर्भे किं पापम्।**

– **किं वा पुण्यम् कथं वा जानीयात् चम्पी।**

– **सा एतदपि न जानाति यत् तस्या जात।**

– **सन्तानस्य कोऽस्ति जनक इति।**[९]

समाज के लोगों द्वारा आक्षेप करने पर तथा पूछने पर कस्यायं शिशुः? का निर्भीकतानपूर्वक **'मम'** कहकर मातृत्व की स्वीकरोक्ति इस अमानवीय व संवेदनहीन समाज पर बहुत बड़ा व्यंग्य है।

– **अरी पुंश्चलि! कस्यायं शिशुः?**

– **'मम' निर्भीकतया मातृत्वं न्यवेदयत् चम्पी।**

– **कोऽस्त्यस्य जनकः? सक्रोधमपृच्छत्  आक्षेपकः**

– **त्वम्। चम्प्याः सहजमुत्तरम्।**[१०]

वंशरक्षा कहानी भ्रूणहत्या का विरोध ही नहीं करती वरन् प्रकृति से दण्डित भी करती है। भ्रूणहत्या आधुनिक समाज की ज्वलन्त समस्या हैं। इसके दो कारण हैं-एक तो अवैध सम्बन्ध और दूसरा पुत्र मोह। वंशरक्षा

---

७. मेरी साहित्य सर्जना के केन्द्रबिन्दु नलिनी शुक्ला, नवोन्मेशः पृ. – २४।

८. नीरस्वनः,  । संस्कृत कथासंग्रह, प्राक्कथन पृ.– ११।

९. नीरस्वनः,  । संस्कृत कथासंग्रह पृ.– ४।

१०. नीरस्वनः  । संस्कृत कथासंग्रह पृ. – ५।

की नायिका प्रभा अपने पति द्वारा लिये गये गर्भस्थ शिशु के लिंगपरीक्षण के निर्णय को सविरोध ठुकरा देती है। क्रोधान्ध पति सगर्भा प्रभा के उदर पर पाद प्रहार करता है परिणामतः गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो जाती है जो कि लड़का था और प्रभा सदा के लिए गर्भधारण में अक्षम हो जाती है। यह भ्रूणहत्या ही समाज में लिंगानुपात की असमानता का मुख्य कारण है।[११] समाज में लड़कियों की उपेक्षा वैदिककाल से लेकर आज तक अनवरत हो रही है। यह उपेक्षा संवेदनशील लेखक को अपने कलम चलाने के लिए बाध्य कर देती है। इस बाध्यता का परिणाम है राजेन्द्र मिश्र कृतशतपर्विका। लेखक शतपर्विका के बिम्ब से नित्य उपेक्षित लड़कियों की वास्तविक दशा का मार्मिक चित्र उकेरता है-**शतपर्विका इव मे तनूजाः। यथा हरितवर्णा शतपर्विका गृहद्वार सुशमां संवर्धयति, शयने तूलास्तरणसाम्यं दधती सौख्यं जनयति, स्वनवांकुरैः पशुपक्षिणः प्रीणयति, आत्माराम तथा-ऽपोशिताऽपि, अनभिशिक्ताऽपि अरक्षिताऽपि स्वादृष्टबलेनैव पुनर्नवतामुपैति नित्य हरिता च संलक्ष्यते तथैव पुत्र्योऽपि मे वर्तन्ते।**[१२]

अभी हाल के दिनों में समाचार पत्रों में यह पढ़ने के मिला कि कुछ जागरूक एवं साहसी लड़कियों ने अपने परिणेता को मद्यप, दहेजलोभी या उसके परिवार को अकारण उत्पाती जानकर बिना सात फेरे लिए ही बारात को वापस लौटा दी। समाज के जागरूक वर्ग ने लड़कियों के इस साहसिक निर्णय का स्वागत भी किया और पूर्ण समर्थन भी। बनमाली विश्वाल की **अभिनव शिशुपालः** इन्हीं विषयों को अपना आधार बनाती है।[१३] **अभीप्सा** एक गरीब विधवा की करुण कहानी है, जो जीवन के साथ प्राणान्तक संघर्ष करना पसन्द करती है, न कि अपने आदर्श को छोड़ देना। बेटे को समाज में प्रतिष्ठित करके उसका मक्सद तो जैसे-तैसे पूरा हो जाता है, पर वह उससे पहले दुनियाँ से चल बसती है।[१४]

**बुभुक्षा कथा संग्रह** में पुरुष प्रधान समाज में नारी की शोचनीय स्थिति को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। एक मिट्टी की मूर्ति को हम देवी मानकर सिर झुकाते हैं उसे संसार की आदि शक्ति का दर्जा देते हैं। लेकिन उसी देवी ने जब इस धरा पर अपने रूप विस्तार किया तो पुरुष समाज उसे ही उपेक्षित और प्रताड़ित करने में लग गया। वस्तुतः आज देवी भी यह सोचकर व्यथित हो रही होगी कि क्यों मैने अपने रूप का विस्तार इस पृथ्वी पर किया? सम्भवतः कथाकार विश्वाल के मन को भी यही बाते व्यथित करती रही है जो उनकी लेखनी से कथा रूप में हमारे समक्ष प्रकट होती है। **दुश्चरित्र** कथा एक ऐसी महिला की कहानी है जिसका व्यवहार सबके प्रति बड़ा ही सहज और आत्मीयता से भरा रहता है। उसके इसी व्यवहार के कारण लोग उसे दुश्चरित्रता तक की संज्ञा देने में हिचकिचाते नहीं। पर उस महिला का यह सौभाग्य ही कहा जायेगा कि उसका पति उस पर तनिक भी सन्देह नहीं करता है। उसे दुश्चरित्रा कहने वाले स्वयं दुश्चरित्र है। प्रस्तुत कथा भी यही सन्देश देती है कि दूसरों के चरित्र पर छीटाकंशी करने से पहले अपने ही चरित्र का विश्लेषण करें। यौनशोषण की प्रवृत्ति हमारे समाज में सर्वत्र घर करती जा रही है। प्रायः सभी विभागों के उच्च पदाधिकारी अपने अधीन कार्यरत स्त्री कर्मचारियों का यौनशोषण कर लेते हैं, शोषित स्त्री अपनी नौकरी जाने के भय से इस शोषण

११. दृक पत्रिका पृ. - ११८, अंक १९।
१२. इक्षुगन्ध पृ. - ४२१
१३. जिजीविषा, संस्कृत कथासंग्रह पृ. - ५८।
१४. दृक पत्रिका पृ. - ८३, अंक १।

के विरुद्ध आवाज भी नहीं उठाती। हमारे समाज की मानसिकता इतनी विकृत हो गई है कि वह सड़क पर इधर-उधर भटकने वाली पगलियों का भी यौनशोषण कर लेता है। ऐसा एक भी दिन नहीं होता जब समाचार पत्रों पर नजर पड़े और बलात्कार की घटना उल्लिखित न हो बलात्कार की नित्य बढ़ती घटनाओं का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है। संस्कृत कथाकार इन घटनाओं से अप्रभावित नहीं है। बनमाली बिश्वाल की चम्पी, **उन्मुक्त द्वारस्य पराहत:**[१५] कथा इसी तथ्य को बयाँ करती है।

**जिजीविशा** कथासंग्रह की **मानवात् दानवं प्रति** कथा की नायिका श्रद्धा भी अपने स्वामी रमापति की अभिलाशाओं एवं महत्त्वकांक्षाओं के आगाज में अपनी पवित्रता एवं पतिव्रता को बचाने में असफल हो जाती है। रमापति की प्रगति के समक्ष वह अपना आत्म एवं चारित्रिक सम्मान खो बैठती है, अपनी रक्षा के लिए किया गया उसका आवाहन अरण्योरोदन ही सिद्ध होता है, परन्तु यहाँ भी नारी अपने पतिधर्म का परित्याग नहीं करती है।[१६]

वर्तमान भारतीय समाज में विधवा नारी आज भी अपराधिनी कुलटा व कुलङ्किनी के रूप अनादृत है। विधवाओं की इस उपेक्षा एवं पीड़ा को कवि विश्वाल ने अपनी कथाओं का विषय बनाया है। बालविवाह के कारण नारी के शिक्षा के द्वार हमेशा के लिए बंद हो जाते हैं। अशिक्षा के कारण अनेक कुरीतियाँ कुप्रथाओं व रुढ़ियाँ जन्म लेती है। बिश्वाल जी की कथा **प्रतिश्रुति** की रूप यौवन सम्पन्न नायिका रुचि अपने रूप यौवनहीन पति आचार्य देवशर्मा की अनुपस्थिति में गृह त्याग का प्रयास करती है।[१७] पाश्चात्य संस्कृति के प्रभावशात् परिवर्तित हो रहे विचारों के कारण एवं पारम्परिक संस्कारों के बिखराव के कारण समाज में अवैध सम्बन्धों की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बनमाली विश्वाल की कथा **मध्यस्रोत**[१८] की नाचम्मा भी भूख की पीड़ा से व्यथित होकरा निकटवर्ती आणविक के मित्रा को अपने घर का अतिथि बना लेती है।

यह आतिथ्य अन्तत: शारीरिक सम्बन्ध में परिवर्तित हो जाता है। विश्वाल जी के नीलाचल एवं भगवान् जगन्नाथ के नाम पर **'धर्मगर्भ'** में पर्यवसित हो जाने वाला पापगर्भ, अवैध सम्बन्धों के ही परिणाम हैं। अवैध सम्बन्धों के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाली सबसे बड़ी समस्या है समाज में यत्र-तत्र-सर्वत्र नवजात शिशुओं का फेंका हुआ पाया जाना।

इस प्रकार स्पष्ट है कि डॉ. बनवाली विश्वाल ने नारी चेतना पर पर्याप्त चिन्तन अपनी कथाओं में किया है। दहेजप्रथा, बलात्कार, भ्रूणहत्या, यौनशौषण आदि विविध समस्याओं से नारी आज भी आक्रान्त है, श्री विश्वाल ने इन समस्याओं को लेखनी का विषय बनाकर समाज में एक नवीन जागृति का सन्देश दिया है, जिस पर हमारी राजनीति भी कोई निर्णय लेने में मजबूर होगी।

**- म.न. २ -१२ ,**
**महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा**
**राजस्थान, पिन- ३२४००९**

१५. दृक पत्रिका, पृ. - ३४, अंक २७-२९।
१६. जिजीविषा, संस्कृत कथासंग्रह पृ. - ७७,७८।
१७. नीरस्वन:, संस्कृत कथासंग्रह पृ. - ५।
१८. जिजीविषा, संस्कृत कथासंग्रह पृ. - ११,१२।

# साहित्यिक चरित्र चित्रणों का ज्योतिष द्वारा प्रस्तुतीकरण

**-प्रदीप घाँटी**

साहित्यिज्ञ जब किसी कहानी की रचना करता है। तो वह उस कहानी में कुछ चरित्रों को लेता है। जिस चरित्र के माध्यम से कहानीं को बोलता है। इस प्रकार की साहित्यिक रचना को करने के पीछे साहित्यिज्ञ को समाज का आश्रय लेना पड़ता है, क्योंकि साहित्य समाज का दर्पण होता है। तथा समाज में घटी घटनाओं को साहित्यिज्ञ स्वकीय परिकल्पना के आधार पर रूप, रस, गन्ध का सम्मिश्रण करके साहित्यिज्ञ उस घटना का जीवन्त वर्णन करता है। तात्पर्य जिस प्रकार से सृष्टि का वास्तविक जगत है उसी प्रकार काल्पनिक जगत भी है। मनुष्य जब कोई कल्पना करता है तो उस कल्पना के पीछे किसी न किसी वस्तु की पूर्व स्थिति स्वाभाविक होती है। क्योंकि वस्तु के बिना कल्पना सम्भव नहीं है। अर्थात् कल्पना जब हम करते हैं तो उस वस्तु का पूर्व दर्शन स्वाभाविक माना जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि साहित्यकार को जैसे वास्तविक जगत का आश्रय लेना पड़ता है उसी प्रकार काल्पनिक जगत का भी आश्रय लेना पड़ता है। अत: सिद्ध है कि किसी भी साहित्यकार को वास्तविक एवं काल्पनिक दोनों प्रकार के विषयों की सहायता लेनी पड़ती है। फलत: जिस व्यक्ति की कल्पना साहित्यकार साहित्य में निविष्ट करता है वह व्यक्ति कभी न कभी वास्तिक था, है या होगा। यदि वह वास्तविक रूप में था इससे सिद्ध होता है कि वह कभी न कभी पृथिवी के हृदय में जन्म लिया था। तथा जब भी वह जन्म लिया था तो निश्चित ही ज्योतिषशास्त्र सम्मत ९ ग्रह, १२ राशि एवं २७ नक्षत्र के अन्तर्गत किसी न किसी का प्रभाव उसके जीवन में रहेगा ही, तथा उसी राशि ग्रह एवं नक्षत्र द्वारा उस मनुष्य का जीवन परिचालित होता है। इस प्रकार साहित्यिक अज्ञानता में भी साहित्य सृष्टि के समय में राशि, ग्रह एवं नक्षत्र के चरित्र को लिखते हैं। तब से ही साहित्यिक सृष्टि प्रारम्भ हो जाती है।

यदि ज्योतिष शास्त्र के ऐतिह्यक्रम को देखें तो इस शास्त्र की सृष्टि वैदिककाल से ही सामाजिक विधि, आचार मानव जीवन के चराचरित गति का समन्वय साधन एवं कुशल मन्द दृष्टि भङ्गी का विश्लेषण कर कार्यविधि को सुसंगठित किया गया। भारतराष्ट्र में ज्योतिष का काल ६५०० ख्रीष्टाब्द पूर्व माना जाता है। तथा धर्मशास्त्रादि में भी ज्योतिष शास्त्र का विस्तार पाया जाता है। ऋग्वेद में ६५०० ख्रीष्टाब्दपूर्व ज्योतिष शास्त्र का बीज पाया जाता है। उसके पश्चात् वेदान्तर्गत कर्मकाण्डशास्त्र, ब्राह्मण एवं पुराण तथा सामाजिक व्यवस्था नियामक स्मृतिशास्त्रों में भी ग्रह नक्षत्रों का स्थान पाया जाता है। इस प्रकार ज्योतिष शास्त्र के ज्ञान ने क्रमश: दर्शन साहित्य, काव्य एवं चिकित्सा विज्ञान के अन्तर्गत प्रसार प्राप्त किया। भारतीय ज्योतिष को वेद का नेत्र माना जाता है। **'ज्योतिषामनयं चक्षुः'।** सुविशाल साहित्य भण्डार में विभिन्न प्रसङ्ग के आलोचना के क्रम में साहित्यिक सृष्टि चरित्र में कुछ चरित्र की भी रचना की गयी। नाना चरित्रों के मध्य बंगला साहित्य के अन्तर्गत श्रीशरदचन्द्र

चट्टोपाध्याय के साहित्य में यदि दृष्टिपात किया जाय तो उनके भी चरित्र चित्र ज्योतिषशास्त्र के ग्रह नक्षत्रों से प्रभावित थे। उदाहरणानुसार यदि शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय की देवदास कहानी को देखें तो उस कहानी में तीन प्रधान चरित्र प्राप्त होते हैं जैसे देवदास, पार्वती, एवं चन्द्रमुखी। इन चरित्रों के साथ ज्योतिष के तीन नक्षत्र भी मिश्रित दृष्टिगत होते हैं। देवदास के देखनें से प्रतीत होता है कि वह भावना प्रधान था तथा पार्वती को अन्तः हृदय से प्यार करता था। किन्तु वह उसके साथ सम्बन्ध नही स्थापित कर पाया। उसमें कारण था आर्थिक विषमता। यद्यपि देवदास पार्वती से विवाह करके लेकर पलायन कर सकता था किन्तु वैसा न करके उसनें अपनी प्रेमिका को अन्य के हाथों में दानी के समान प्रदान कर दिया। यह अचानक परिवर्तन सिद्धान्त कहलाता है, उस घटना को विस्तृत करने के लिए कोलकात में आकर मद्यपान करने लगा तथा कलकत्ता में चन्द्रमुखी से परिचय हुआ। देवदास चन्द्रमुखी को परिवर्तित कर दिया। कहानी के अन्त में देखा जाता है कि अत्यधिक मद्यपान के कारण लीबर के रोगाग्रस्त होने के कारण इह लोक को त्यागकर परलोक गामी हुआ।

उपरोक्त घटना को यदि ज्योतिषशास्त्र की दृष्टि से देखा जाये तो देवदास के चरित्र से मीनराशि अवस्थित उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का सम्पूर्णतया मेल पाया जाता है। इस नक्षत्र का अत्यन्त वैशिष्ट्य यह है कि भावना प्रधान एवं अचानक परिवर्तन सिद्धान्ती होता है जिससे इस नक्षत्र का जातक देवदास नक्षत्र सिद्धान्त गत फल को प्राप्त किया। उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में उत्पन्न व्यक्ति स्वयं न खाकर अन्य को खिलाता है अर्थात् दानी होता है, तथा स्वयं असद्भाव में जीवन को व्यतीत नहीं करता। उपरोक्त देवदास कथा में भी देवदास पार्वती को ले जाकर विवाह कर सकता था परन्तु नहीं किया यह उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का वैशिष्ट्य है। उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के व्यक्तिगत जीवन में यदि किसी के साथ प्रेम होता भी है तो वह अर्थनैतिक वैषम्य के कारण सफलता को प्राप्त नहीं करता। देवदास तथा पार्वती के पारिवारिक परिस्थिति भी अर्थ विषमाक्रान्त पायी जाती है। इस नक्षत्र का जातक अन्य को भी सुख पूर्वक जीवन जीने का उपदेश प्रदान करता है तथा अन्य के जीवन को परिवर्तित करनें में सफल भी होता है। जैसे उपरोक्त कहानीं में भी देवदास ने चन्द्रमुखी एक वेश्या का जीवन परिवर्तन कर एक सुखी जीवन, स्वाभाविक जीवन यापन करने का परामर्श देकर सफल हुआ। कहानी के अन्त में देखें तो देवदास के अत्यधिक मद्यपान के कारण उसका जीवन मृत्युपथ को प्राप्त हुआ। उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का जातक मद्यपान करता है अथवा तत् सदृश समस्याओं से ग्रस्त होता है। जो कि मद्यपान से भी कठिन होती है। प्रायः कठिन रोग ग्रस्त होता है। जैसे देवदास मद्यपान के कारण लीबर रोग ग्रस्त अर्थात् कैंसर ग्रस्त होने के कारण स्वर्ग प्राप्त किया। यदि पार्वती का भी चरित्र देखें तो प्रतीत होता है कि वृषराशि रोहिणी नक्षत्र के संग मिलता है, तथा चन्द्रमुखी को देखें वह मिथुन राशि पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क राशि पुनर्वसु नक्षत्र के साथ सम्पूर्ण मिलता है।

साहित्य का उपादान कारण मौलिक सृष्टि कर्म माना जाता है। जो भविष्य के मानव जाति का पथ प्रदर्शक होता है। साहित्य के मध्य में साहित्यकार के शिल्प कर्म का एक नूतन वैशिष्ट्य होता है। जो सम्पूर्ण मौलिक एवं अन्यान्य सृष्टि से व्यक्तिगत भाव भिन्न होता है। साहित्य का दूसरा नाम समाज का दर्पण कहा जाता है। साहित्यिक कुछ इस प्रकार का सृजन करता है जो कि सर्वकालिक चेतना सम्बद्ध होता है। उस साहित्य में

समाज का उपकार, परस्परविरोधी विषय वस्तु के साथ उच्च नीच का भेदाभेद ज्ञान न कर सभी प्रकार के मनुष्यों के सुख दु:ख, हँसी खुशी, आनन्द, वेदना, समस्या तथा समाधानादि व्यक्त रहता है साहित्य में जैसे किसी समस्या का उजागर किया जाता है उसी प्रकार उसमें उन समस्याओं का समाधान भी होना आवश्यक होता है। इस प्रकार का चिन्तन साहित्यिक का स्वत: का चिन्तन होता है। यही चिन्तन ही सामाजिक अमरत्व को प्राप्त करता है। इसी कारण से ही प्राचीन काल से रामायण, महाभारत, वेद, उपनिषद्, बाईविल, कुरान इत्यादि धर्मशास्त्र आज भी मानव का पथ प्रदर्शन करता प्रतीत होता है। उपरोक्त धर्मशास्त्र मानव जीवन के तथा मन की समस्याओं एवं सभी प्रकार की समस्याओं का एक मात्र समाधान पथ पर अग्रसर दिखाई देता है। प्राचीन काल से परवर्ति काल में नूतन सृष्टि चरित्र मूलक जितना भी साहित्य रचा गया वे सब परिवर्तित काल व परिवर्तित समाज के अनुसार साहित्य भी परिवर्तित होता चला गया, तथा नवीन-नवीन साहित्य भी सृजित हुआ। यह साहित्य केवल भारत वर्ष में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण पृथिवी साहित्यिकों के हस्त निर्भर होकर आगे बढ़ता जा रहा है। फलत: स्पष्ट होता है कि साहित्यिज्ञ समाज के विभिन्न चरित्रों को पकड़कर कल्पना के माध्यम से वास्तविक रूप प्रदान करने की चेष्टा करता है। चरित्र ही कहानी के प्रेक्षापट पर निर्भर होकर उसके अस्तित्व को प्रकाशित करता है। वे सभी चिन्तन किसी न किसी प्रकार से वसुन्धरा की सतत् गति में ज्योतिष शास्त्र का स्पर्श करके ही अग्रगतिमान होता है। मानव ज्ञान चिरकालीन अपेक्षित गति को प्राप्त कर विद्यमान रहता है। ज्ञानपरिधि चिरकाल निर्दिष्ट परिधिबद्ध होकर स्थिर नहीं रह सकती तथा वह विभिन्न आवर्त में प्रतीत होती है। मानव ज्ञान चक्र के विवर्तन में साधनापन्न होकर विद्यमान रहता है। इस प्रकार मानव ज्ञान चक्र के विवर्तन को किसी भी प्रकार से अस्वीकार किया नहीं जा सकता। तदनुरूप अतिप्राचीन युग के ऋषि महर्षि गण के ज्ञान का वर्तमान विज्ञान की उन्नत स्थित के आधार पर उपहार करना सम्भव नहीं है। प्राचीनकालीन ज्योतिष संहिता ग्रन्थ समूह के पर्यालोचना करने पर उस युग के ज्योतिष संहिता ग्रह नक्षत्र का फल वर्णन चरित्र उन्नति की कथाएं कभी भी अस्वीकार नहीं की जा सकती है। वर्तमान २१वीं शताब्दी में विज्ञान स्व उन्नत अवस्था में विद्यमान है। तथा अपने को उन्नत की घोषणा करता है। परन्तु उस उन्नति को हमारे परम्प्राचीन ऋषियों ने ज्ञान के विभिन्न आवर्त के स्वरूप में प्राचीन युग के ऋषि गण वर्तमान युग की तरह ग्रहों के भीतर परमाणु शक्ति की गवेषणा द्वारा प्राकृतिक भविष्यतकालीन वर्णन किये थे जो कि ज्योतिष संहिताओं में वर्णित है। यदि वर्तमान आलोचना में देखें तो दिखता है कि साहित्य में विभिन्न वास्तविक घटनाओं का अनुकरण किया जाता है तो दृष्टिगत होता है कि वह चरित्र पृथिवी एवं ग्रह नक्षत्रों के आकर्षण विकर्षण के बहिर्भूत नहीं है। प्राकृतिक प्राणी ज्योतिष विद्या के विश्लेषण के बहिर्भूत नहीं दृष्टिगत होता। वैसे ही साहित्यिक चरित्र के बाहर भी नहीं जा सकता अर्थात् साहित्यिक उसे किसी न किसी प्रकार से वर्णित कर सकता है। उस जातक की राशि लग्न एवं वर्तमान ग्रह नक्षत्रों के नियन्त्रण में विद्यमान होता है। जिसके परिणामस्वरूप साहित्यकार की साहित्यिकभावना के तारतम्य में विभिन्न साहित्य की रचना होती रहती है। जैसे साहित्य मानवीय भावना का विकास करता है। उसी प्रकार ज्योतिषशास्त्र भी मानव जीवन में उसके परिकल्पित कल्पनाओं के मार्ग में भावी समस्याओं को दूर करता है। अर्थात् ज्योतिष शास्त्रपथ प्रदर्शक है।

**सहायक ग्रन्थसूची**

१. होराविज्ञानरहस्यम्, नारायणचन्द्र ज्योतिभूषणभट्टाचार्य, अभय कुमार वर्मन संस्कृत बुक डिपो, कोलकाता १९८८
२. जातककौमुदी कालीपद भट्टाचार्य, अभय कुमार वर्मन संस्कृत बुक डिपो, कोलकाता १९९६
३. भारते ज्योतिषचर्चा एवं खृष्टीविचार सूत्रावली, नरेन्द्रनाथ बागल, संस्कृत पुस्तक भण्डार कोलकाता २०११
४. समयटा केमोन जाबे ज्योतिर्वाचस्पति संस्कृत बुक डिपो १९९२
५. कार भाग्ये कि आछे व भाग्य, कखन खुलबे लेखक भृगुजातक श्रीस्वदेश संस्कृत पुस्तक भण्डार कोलकाता २००५

**–श्रीसीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय,**
**७/२ए, पी.डब्ल्यु.डी.रोड, कोलकाता–७०००३५**
**पश्चिम बंगाल**

# गृहस्थाश्रम

-डॉ. रचना सिंह

प्राचीन काल में सामाजिक व्यवस्था के दो स्तम्भ थे, वर्ण-व्यवस्था और आश्रम व्यवस्था। मनुष्य की प्रकृति उसके गुण, कर्म और स्वभाव के आधार पर मानव का वर्गीकरण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के रूप में हुआ।

**चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ॥**[१]

मनुष्य की पूर्ण आयु १०० वर्ष मानी गयी है और इसी आधार पर जीवन को ४ आश्रमों में बांटा है - ब्रह्मचर्याश्रम, गृहस्थाश्रम, वानप्रस्थाश्रम और संन्यासाश्रम। आरम्भिक २५ वर्ष तक ब्रह्मचर्याश्रम, २५ से ५० वर्ष तक गृहस्थाश्रम, ५० से ७५ वर्ष तक वानप्रस्थाश्रम और ७५ से १०० वर्ष तक की आयु तक संन्यासाश्रम होता है। चारों आश्रमों के मध्य गृहस्थाश्रम ही अन्य सभी आश्रमों की उत्पत्ति और स्थिति का कारण है अतः गृहस्थाश्रम चारों आश्रमों का मूल है।

**यथा वायुं समाश्रित्य वर्तन्ते सर्वजन्तवः ।**
**तथा गृहस्थमाश्रित्य वर्तन्ते सर्व आश्रमाः ॥**
**यस्मात्त्र्योऽप्याश्रमिणो ज्ञानेनान्नेन चान्वहम् ।**
**गृहस्थेनैव धार्यन्ते तस्माज्ज्येष्ठाश्रमो गृही ॥**[२]
**अन्ये तमुपजीवन्ति तस्माच्छ्रेयान् गृहाश्रमी ।**
**ऐकाश्रम्यं गृहस्थस्य चतुर्णां श्रुतिदर्शनात् ॥**
**तस्माद्गार्हस्थ्यमेवैकं विज्ञेयं धर्मसाधनम् ।**
**परित्यजेदर्थकामौ यौ स्यातां धर्मवर्जितौ ॥**[३]
**भिक्षाभुजश्च ये केचित्परिव्राड्ब्रह्मचारिणः ।**
**तेऽप्यत्रैव प्रतिष्ठन्ते गार्हस्थ्यं तेन वै परम् ॥**[४]

गृहस्थ शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है, गृह और स्थ। गृह का अर्थ भार्या और स्थ का अर्थ उसका रहना। इस प्रकार गृहस्थ शब्द का अर्थ हुआ वह आश्रम जिसमें पुरुष अपनी पत्नी के साथ निवास करता है।
इस विषय में ऋग्वेद में लिखा है- **जायेदस्तम्**[५]

जाया अर्थात् पत्नी, इत्- ही अस्तम् - घर है अर्थात् **न गृहं गृहम् इत्याहुः गृहिणी गृहमुच्यते** अर्थात् घर को घर नहीं अपितु गृहिणी को घर कहते हैं। गृहिणी घर को सवाँरती है, बड़ों की सेवा करती है अपने

---

१. श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय ४ श्लोक १३
२. मनुस्मृति अध्याय-३ श्लोक- ७७, ७८
३. कूर्मपुराण अध्याय-१५ श्लोक-५२, ५३
४. विष्णुपुराण तृतीय अंश श्लोक-११
५. ऋग्वेद ३-५३-४

गृहस्थोचित कर्तव्यों का पालन करती है अतः गृहिणी ही गृहस्वामिनी, गृहलक्ष्मी और साम्राज्ञी भी कही जाती है।

गृहस्थ के दो भेद हैं, साधक गृहस्थ और उदासीन गृहस्थ। जो गृहस्थ अपनी गृहस्थी एवं परिवार के भरण-पोषण में लगा रहता है उसे साधक गृहस्थ या गृहमेधी कहते हैं और जो गृहस्थ देवगणों के ऋण, पितृगणों के ऋण और ऋषिगणों के ऋण से मुक्त होकर निर्लिप्त भाव से अपनी पत्नी व सम्पत्ति का उपभोग करता है वह उदासीन गृहस्थ कहलाता है।

**अथ यो गृहमेधीयान्धर्मानेवावसन्गृहे ।**
**काममर्थं च धर्मान् स्वान् दोग्धि भूयः पिपर्ति तान् ॥१॥**
**स चापि भगवद्धर्मात्काममूढः पराङ्मुखः ।**
**यजते क्रतुभिर्देवान् पितॄंश्च श्रद्धयान्वितः ॥२॥**
**तच्छ्रद्धयाक्रान्तमतिः पितृदेवव्रतः पुमान् ।**
**गत्वा चान्द्रमसं लोकं सोमपाः पुनरेष्यति ॥३॥**[६]

गृहस्थाश्रम में प्रवेश करने वाले ब्रह्मचारी का कर्तव्य है कि वह अपने अनुरूप एवं शास्त्रोक्त लक्षणों से सम्पन्न ऐसी कुलीन कन्या से विवाह करे जो सपिण्ड व समान गोत्र की न हो।

**असपिण्डा च या मातुरसगोत्रः च या पितुः ।**
**सा प्रशस्ता द्विजातीनां दारकर्मणि मैथुने ॥**[७]
**अमातृगोत्रप्रभवामसमानर्षिशगोत्रजाम् ।**
**आहरेद् ब्राह्मणो भार्या शीलशौचसमन्विताम् ॥**[८]

वह कन्या अवस्था में अपने से छोटी होनी चाहिए और अपने ही वर्ण की होनी चाहिए। यदि ब्रह्मचारी कामवश अन्य वर्ण की कन्या से विवाह करना चाहता है तो क्रमशः अपने से निम्न वर्ण की कन्या से ही विवाह करना चाहिए।

**शूद्रैव भार्या शूद्रस्य सा च स्वा च विशः स्मृते ।**
**ते च स्वा चैव राज्ञश्च ताश्च स्वा चाग्रजन्मनः ॥**[९]

गृहस्थ का कर्तव्य है कि निषिद्ध दिन अर्थात् चतुर्दशी, अमावस्या आदि तथा निषिद्ध समय का परित्याग करते हुए सन्तान प्राप्ति के लिए ऋतुकाल में अवश्य ही स्त्री-गमन करे।

**ऋतुः स्वाभाविकः स्त्रीणां रात्रयः षोडशस्मृताः ।**
**चतुर्भिरितरैः सार्धमहोभिः सद्विगर्हितैः ॥**
**तासामाद्याश्चतस्त्रस्तु निन्दितैकादशी च या ।**
**त्र्योदशी च शेषास्तु प्रशस्ता दश रात्रयः ।**[१०]

---

६. श्रीमद्भागवतम्- स्कन्ध ३, अध्याय ३२ श्लोक १,२,३
७. मनुस्मृति अध्याय-३ श्लोक ५
८. कूर्मपुराण अध्याय-१५ श्लोक १०
९. मनुस्मृति अध्याय-३ श्लोक १३
१०. मनुस्मृति अध्याय-३ श्लोक ४६, ४७

**ऋतुकालाभिगामी स्याद्यावत्पुत्रेऽभिजायते ।**
**वर्जयेत्प्रतिषिद्धानि दिनानि तु प्रयत्नतः ॥**
**षष्टयष्टमीं पञ्चदशी द्वादशी च चतुर्दशीम् ।**
**ब्रह्मचारी भवेन्नित्यं ब्राह्मणः संयतेन्द्रियः ।**[११]

गृहस्थाश्रम विभिन्न प्रकार के उत्तरदायित्वों का समूह है जिसमे पांच महायज्ञ प्रमुख हैं। पांच महायज्ञ गृहस्थ का मुख्य कर्तव्य है। पांच महायज्ञ एक ही परमेश्वर की भिन्न भिन्न रूपों में आराधना है।

**देवानृषीन् नृभूतानि पितृनात्मानमन्वहम् ।**
**स्ववृत्त्यागतवित्तेन यजेत पुरुषं पृथक् ॥**[१२]

पांच महायज्ञों को करने से अन्न की शुद्धि, पापों का नाश और पुरुषार्थ- चतुष्ट्य की प्राप्ति होती है। शास्त्रनुसार जिन घरों में देवताओं के लिए, पितरों के लिए यज्ञक्रिया का सम्पादन नहीं किया जाता वह घर श्मशान के समान है।

पांच महायज्ञ हैं-

**भूतयज्ञो मनुष्ययज्ञः पितृयज्ञो देवयज्ञो ब्रह्मयज्ञ इति ॥**[१३]

आचार्य मनु कहते हैं-

**पञ्च सूना गृहस्थस्य चुल्ली पेषण्युपस्करः ।**
**कण्डनी चोदकुम्भश्च वध्यते यास्तु वाह्यन् ॥**
**तासां क्रमेण सर्वासां निष्कृत्यर्थं महर्षिभिः ।**
**पञ्च क्लृप्ता महायज्ञाः प्रत्यहं गृहमेधिनाम् ॥**[१४]

गृहस्थ का कर्तव्य है कि वह प्रतिदिन वेदाध्ययन करे। वेदों में कर्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड ये तीन काण्ड हैं। जिनमें सबसे महत्त्वपूर्ण ज्ञानकाण्ड है। आध्यात्मिक मार्ग में प्रगति के लिए ज्ञान की अत्यधिक आवश्यकता है। अतः गृहस्थ को सद्बुद्धि के लिए, आत्मिक उन्नति के लिए, शुभ कार्यो की प्रगति के लिए, ऋषि ऋण से मुक्ति के लिए प्रतिदिन ब्रह्मयज्ञ करना चाहिए।

पितृयज्ञ पितरों के प्रति स्नेह और आदर प्रदर्शित करता है। शरीर से निकली आत्मा पितृलोक में जाती है और श्राद्ध में अर्पित किए गए भोजन आदि से रसास्वादन करती है वह स्वर्ग में, नरक में, पशुयोनि में, मानव शरीर में सभी जगह पर बन्धुओं के द्वारा दिए गए भोजन का सत्वांश को ग्रहण करती है और तृप्ति का अनुभव करती है। अतः गृहस्थ का कर्तव्य है कि वह प्रतिदिन पितृयज्ञ करे। गृहस्थ को प्रतिदिन देवपूजन व हवन आदि करना चाहिए क्योंकि यही देवयज्ञ है। भगवान श्री कृष्ण कहते हैं -

**यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत् ।**
**यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम् ।**[१५]

---

११. कूर्मपुराण अध्याय-१५ श्लोक ११, १२
१२. श्रीमद्भागवतपुराण स्कंध-७ अध्याय १४ श्लोक १५
१३. शतपथ ब्राह्मण १.७.१.५
१४. मनुस्मृति अध्याय-३ श्लोक ६८, ६९
१५. श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-९ श्लोक २७

गृहस्थ का कर्तव्य है कि वह प्रतिदिन सुस्वादु अन्न पकाये, इस अन्न को देवताओं को अर्पित करे फिर अवशिष्ट अन्न से अन्य प्राणियों को भी तृप्त करे, यह भूतयज्ञ है। इसके अतिरिक्त गृहस्थ को घर आये हुए अतिथि को अन्न जल प्रदान कर उसका स्वागत करना चाहिए क्योंकि अतिथि सत्कार हि मनुष्य यज्ञ है।

**नृयज्ञोऽतिथिपूजनम् ॥**[१६]

चारों वर्णों के गृहस्थों में से ब्राह्मण का असाधारण धर्म या स्वधर्म अध्ययन करना और अध्ययन करवाना, यज्ञ करना और यज्ञ करवाना तथा दान देना और दान लेना है।

**अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा ।**
**दानं प्रतिग्रहश्चैव षट् कर्माण्यग्रजन्मनः ॥**[१७]
**यजनं याजनं दानं वेदाद्यध्यापनक्रिया ।**
**प्रतिग्रहं चा ( दृश्चा ) अध्ययनं विप्रकर्माणि निर्दिशेत् ॥**[१८]

दान लेने से तपस्या, तेज और यश का नाश होता है अतः ब्राह्मण को चाहिए कि वह पढ़ाने और यज्ञ कराने के द्वारा ही अपना जीवन निर्वाह करे।

**प्रतिग्रहं मन्यमानस्तपस्तेजोयशोनुदम् ।**
**अन्याभ्यामेव जीवेत शिलैर्वा दोषकृक् तयोः ॥**[१९]

क्षत्रिय का स्वधर्म अध्ययन, यजन, दान, शस्त्रजीव और प्राणिपरिपालन है। इस प्रकार क्षत्रिय अपने धर्म की रक्षा करते हुए धर्म के लिए अर्थ का उपार्जन करे।

**क्षत्रियस्य विशेषेण पालनं दुष्टनिग्रहः ॥**[२०]
**प्रधानं क्षत्रिये कर्म प्रजानां परिपालनम् ॥**[२१]

वैश्य का स्वधर्म अध्ययन, यजन और दान के साथ साथ कृषि और पशुपालन भी है।

**कृषिगोरक्ष्य वाणिज्यं वैश्यस्य परिकीर्तितम् ।**[२२]
**कुसीदकृषिवाणिज्यपाशुपाल्यं विशः स्मृतम् ॥**[२३]

शूद्र का स्वधर्म द्विजाति की सेवा करना और कारुकर्म है।

**शूद्रस्य द्विजशुश्रूषा तयाऽजीवन्वणिग्भवेत् ।**
**शिल्पैर्वा विविधैर्जीवेद्द्विजाति हितमाचरन् ॥**[२४]

अतः जिस किसी भी वर्ण का व्यक्ति हो उसे स्वधर्म का ही पालन करना चाहिए। स्वधर्म का पालन करने वाला व्यक्ति दूषित नहीं होता है।

---

१६. मनुस्मृति अध्याय-३ श्लोक ७०
१७. मनुस्मृति अध्याय-१० श्लोक ७५
१८. अग्निपुराण पूर्वभाग अध्याय-१५१ श्लोक ६, ७
१९. श्रीमद्भागवतम् स्कन्ध-११, अध्याय १७ श्लोक ४१
२०. अग्निपुराण पूर्वभाग अध्याय १५१ श्लोक ७
२१. याज्ञवल्क्यस्मृति, आचाराध्याय, श्लोक ११९
२२. अग्निपुराण पूर्वभागः अध्याय १५१ श्लोक ९
२३. याज्ञवल्क्यस्मृति, आचाराध्याय, श्लोक ११९
२४. याज्ञवल्क्यस्मृति, श्लोक १२०

**श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।**
**स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ॥**[२५]
**वरं स्वधर्मो विगुणो न पारक्यः स्वनुष्ठितः ।**
**परधर्मेण जीवन् हि सद्यः पतति जातितः ॥**[२६]

परन्तु यदि ब्राह्मण गृहस्थ अध्यापन अथवा यज्ञ-यागादि से अपनी जीविका न चला सके तो वह क्षत्रिय वृत्ति का, क्षत्रिय यदि प्रजापालन से जीवन निर्वाह न कर सके तो वह वैश्य वृत्ति का, वैश्य यदि व्यापारादि से जीविकोपार्जन न कर सके तब शूद्रों की वृत्ति का और शूद्र तीनों वर्णों की सेवा के द्वारा जीविकोपार्जन में असमर्थ होने पर कारुवृत्ति इत्यादि के द्वारा जीविकोपार्जन कर सकता है। परंतु आपत्तिकाल समाप्त हो जाने पर अपने अपने निर्धारित कर्मों के द्वारा ही उन्हें जीविकोपार्जन करना चाहिए।

इस प्रकार गृहस्थ का कर्तव्य है कि शास्त्रों में बताई गई रीति के अनुसार उसे जो भी धन प्राप्त हो उस धन के द्वारा वह भृत्य, अपने आश्रित रहने वाले प्रजाजनों का पालन करे, साथ ही पञ्च महायज्ञों से ऋषि, पितर, मनुष्य एवं प्राणियों की रक्षा करे।

**चातुर्वर्ण्यात्मकः पूर्वं गृहस्थश्चाऽऽश्रमः स्मृतः**
**त्रयाणामाश्रमाणां च प्रतिष्ठा योनिरेव च**
**दाराग्नऽयोथाऽऽतिथेय इज्याश्राद्धक्रियाः प्रजाः**
**इत्येष वै गृहस्थस्य समासाद्धर्मसंग्रहः ॥**[२७]
**निवापेन पितृनर्चन्यज्ञैर्देवांस्तथातिथीन् ।**
**अन्नैर्मुनींश्च स्वाध्यायैरपत्येन प्रजापतिम् ॥**
**भूतानि बलिभिश्चैव वात्सल्येनाखिलं जगत् ।**
**प्राप्नोति लोकांपुरुषो निजकर्मसमाळजतान् ॥**[२८]

**-सहायक आचार्या संस्कृत**
**श्री भवानी निकेतन स्नात्तकोत्तर महिला महाविद्यालय,**
**जयपुर, राजस्थान**

---

२५. श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-३ श्लोक ३५
२६. मनुस्मृति अध्याय-१०श्लोक ९१
२७. वायुपुराण अध्याय-८ श्लोक १८०, १८१
२८. विष्णुपुराण तृतीय अंश श्लोक ९, १०

# महाभारत का वर्तमान स्वरूप एवं इसके विकास की अवस्थाएं

**-प्रद्युम्नचन्द्र**

महाभारत विश्व साहित्य का एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है जोकि भारतीय साहित्य का एक स्थायी स्तम्भ है। महर्षि वेद व्यास द्वारा विरचित तथा अट्ठारह पर्वों में विभिक्त यह विशद् ग्रन्थ विश्व साहित्य का सबसे बड़ा काव्य है। परिमाण की दृष्टि से यह महाभारत 'इलियट' तथा 'ओडेसी' के संयुक्त परिमाण से आठ गुना बड़ा है। केवल आकार में ही नहीं अपितु ऐतिहासिक, धार्मिक, दार्शिनिक तथा साहित्यिक दृष्टि से भी यह एक महान ग्रन्थ है। इस लिये इसका नाम महाभारत सार्थक ही है।

यह एक विडम्बना ही है कि इतनी विस्तृत भाव भूमि वाले इस महाकाव्य के ऐतिहासिक अध्ययन के चक्रव्यूह में फंसने के कारण इससे सम्बन्धित अनेक प्रश्न असमाहित ही हैं। महाभारत से सम्बन्धित तीन प्रश्न बड़े ही महत्त्व पूर्ण हैं जो विद्वत् समाज में एक लम्बे समये से वाद-विवाद का मुख्य क्षेत्र रहे हैं। ये महाभारत के काल, स्वरूप तथा प्रमाणिकता आदि के विषय में हैं।

अब प्राय: सभी भारतीय तथा पाश्चात्य विद्वान यह मानते हैं कि वर्तमान स्वरूप को ग्रहण करने से पूर्व महाभारत का विकास तीन अवस्थाओं में हुआ। अत: जब हम महाभारत के काव्य का निर्णय करते हैं तो हम न केवल मूल महाभारत के काल से सम्बन्ध रखते हैं। अपितु उस महाभारत के काल का भी निर्णय समाधान की परिधि में आ जाते हैं जब महाभारत ने एक लाख श्लोकों के ग्रन्ध का रूप धारण किया।

**परमपरागत मत** -

महाभारत के काव्य सम्बन्ध में परम्परागत मत कहें या पाश्चात्य मत वह यह है कि इस महाकाव्य की रचना ३५०० ईसा पूर्व में हुई थी। जबकि ऐसा विश्वास किया जाता है कि महाभारत का युद्ध भी लड़ा गया। स्पष्ट है कि महाभारत के इस रचना काल का आधार सत्य, त्रेता, द्वापर एवं कलि आदि युगों का सिद्धान्त है। इस सिद्धान्त के अनुसार महाभारत का युद्ध और महाभारत की रचना इन दोनों का समय द्वापर युग का अंत और कलियुग का प्रारम्भ अर्थात् इन दोनों युगों की सन्धि काल से है। सी.वी.वैद्य ने परम्परागत मत की पुष्टि बड़े जोर-दार ढंग से की है परन्तु इसे अन्तिम नहीं माना जा सकता।

**नवीन मत**-

महाभारत की रचना के बारे में नवीन मत यह है कि इसकी सर्वप्रथम रचना ४०० ई० पूर्व में हुई तथा ८०० वर्षों तक विकास होने के कारण ४०० ई० में लक्ष श्लोकी महाभारत ने धर्मशास्त्र का रूप ग्रहण कर लिया।

मूल महाभारत का काल-महाभारत के मूल स्वरूप के काल का निर्धारण हम निम्नलिखित तर्कों के आधार पर सिद्ध करने का प्रयास कर सकते हैं-

१. हार्पॅकिन्स ने अपने ग्रन्थ THE GREAT EPICS OF INDIA में कहा है कि ४०० ईसा पूर्व में महाभारत की कथाओं का संकलन किया गया तथा उन्हें भारत नामक ग्रन्थ के रूप में लिखा गया। हॉपकिन्स के अनुसार 'भारत' में पाण्डवों की कथा नहीं थी न ही कृष्ण के विषय का निरूपण था। पाण्डवों की कथा

तो २०० ई० पूर्व में इस ग्रन्थ में समाविष्ट की गई और कृष्ण के ईश्वरीय रूप की स्थापना भी लगभग इसी काल में हुई।

२. विण्टर निट्स के कथानानुसार महाभारत की उपरी सीमा ४०० ईसा पूर्व हो सकती है। क्योंकि इसमें बौद्ध मत और यवनों का उल्लेख होने के कारण इसकी उपरी सीमा को इससे आगे नहीं ले जाया जा सकता।

३. सी.वी.वैद्य के अनुसार महाभारत में नग्नक्षपणक(जैन साधु) का उल्लेख आता है जिससे सिद्ध होता है कि महाभारत की पूर्व सीमा ३०० ईसा पूर्व के बाद नहीं हो सकती। वैद्य का मत है कि महाभारत में मान्सभक्षण की निन्दा होने के कारण तथा शिव एवं विष्णु का धार्मिक महत्त्व अधिक होने के कारण यह कहना उचित होगा कि महाभारत की रचना ३०० ईसा पूर्व से १०० ईसा तक के अन्तराल में हुई होगी।

४. कुछ इतिहासकारों का मत है कि पाणिनि को महाभारत का ज्ञान था परन्तु कुछ अन्य का मत है कि पाणिनि ने महाभारत का प्रयोग योद्धा के अर्थ में किया है, उसे केवल भारत का ही ज्ञान था और अष्टाध्यायी के एक सूत्र 'गवियुधिभ्यां स्थिरः ८/३/१५' से इसकी तथ्य की पुष्टि होती है।

५. आश्वलायन गृह्य सूत्र जिनका काल पंचम शताब्दी ईसा पूर्व माना जाता है में भारत अथवा महाभारत का उल्लेख आया है।

६. बौद्धायन गृह्य सूत्र जिनका काल चौथी शताब्दी ईसा पूर्व माना जाता है में न केवल महाभारत का उल्लेख है अपितु इसमें महाभारत के विष्णुसहस्रनाम के श्लोक उद्धृत हैं।

७. मैगस्थनीज जिनका पांचवी शताब्दी ईसा पूर्व का काल है ने स्पष्ट किया है कि कुछ कथाएं ऐसी हैं जो केवल महाभारत में उपलब्ध होती हैं।

८. ज्योतिष के आधार पर भी कुछ विद्वानों ने मूल महाभारत के काल को ५०० ईसा पूर्व रखा है। इस प्रकार प्रायः विद्वानों की सम्मति यह है कि मूल महाभारत की रचना ईसा पूर्व या ४०० ईसा पूर्व में हो चुकी है।

**वर्तमान महाभारत का काल-**

महाभारत का क्रमिक विकास तीन अवस्थाओं में हुआ और इन अवस्थाओं के विकास में ८०० वर्ष व्यतीत हुए यह माना जा सकता है। हॉपकिन्स के अपने लेख में एक स्थान पर यह कहा है कि व्यवहारिक रूप से महाभारत की रचना दूसरी शताब्दी ई० पूर्व में पूरी हो चुकी थी। परन्तु एक अन्य स्थान पर उनका कथन है कि २०० ई० तक सम्भवतः महाभारत के अन्तिम अध्याय लिखे जाते रहे होंगे। बूलर ने कहा है कि ऐसी सम्भावना नहीं है कि २०० ई० पूर्व तक महाभारत धर्मशास्त्र का रूप ग्रहण कर चुका हो। निम्नलिखित तर्कों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि ४०० ई० तक महाभारत की रचना पूर्ण हो चुकी थी-

१. केवल इस आधार पर कि उत्तरवर्त्ती संस्कृत साहित्य में महाभारत का उल्लेख बार-बार आता है। विन्टर निट्स मानते हैं कि महाभारत की रचना ४०० ई० तक हो चुकी थी।

२. आठवीं शताब्दी के कुमारिल भट्ट एवं शंकराचार्य कई बार महाभारत का उल्लेख करते हैं। इन दोनों पण्डितों के उल्लेख से यह भी सिद्ध होता है कि महाभारत का तब तक धर्मशास्त्र का रूप मिल चुका था।

३. ७वीं शताब्दी के बाण एवं सुबन्ध ने महाभारत की अनेक कथाओं की ओर संकेत किया है।
४. जावा और बाली के कुछ कुछ शिलालेखों से महाभारत की प्राचीनता का ज्ञान होता है।
५. कुछ पाश्चात्य विद्वानों का मत था कि महाभारत का धर्मशास्त्र के रूप में प्रचार ९०० ई० के पश्चात हुआ परन्तु ४५० ई० और ५०० ई० के बीच के कुछ ताम्रपत्रों में महाभारत को पाप का विनाश तथा पुण्य प्रदान करने वाला बताया गया है। जिससे इस पाश्चात्य धारणा का खण्डन होता है।
६. ११वीं शताब्दी के क्षेमेन्द्र की भारतमंजरी के साथ महाभारत की तुलना करने से वूलर निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि दोनों समान हैं।
७. लक्ष श्लोकी महाभारत का अनुवाद तिब्बती भाषा में तथा इसके तीन अध्यायों का अनुवाद शीरयायी भाषा में प्राप्त होता है। हरटेल का कहना है कि ये अनुवाद ई० पूर्व पांचवीं या छठी शताब्दी के पूर्व हो चुके होंगे।

इस प्रकार इन तर्कों के आधार पर विन्टर निट्स का यह मत मानने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए कि मूल महाभारत की रचना ४०० ई० पूर्व में हो चुकी थी। और ८०० वर्षों के निरन्तर विकास के बाद ४०० ई० में महाभारत अपने वर्तमान स्वरूप अर्थात् एक लाख श्लोकों का रूप धारण कर चुका था

**महाभारत का विकास**

प्रारम्भ में इस बात मर मतभेद था कि महाभारत एक ही कवि की लेखनी का परिणाम है अथवा इसका विकास विभिन्न अवस्थाओं में हुआ। ए. बर्थ के कथनानुसार महाभारत एक ही महाकवि की प्रेरणा का परिणाम है। जिसके पास अनेक प्रकार के लोकप्रीय कथानक एवं आख्यान प्रस्तुत थे तथा जनमानस में धर्मशास्त्र को व्यापक स्वरूप में प्रस्तुत करने की दृष्टि से महाभारत जैसे इतिवृत्त काव्य या महाकाव्य की रचना की गयी। परन्तु अब विद्वानों में प्राय: इस बात पर सहमति है कि महाभारत किसी एक कवि की रचना नहीं है। अपितु इसका विकास तीन भिन्न अवस्थओं में हुआ। स्वयं महाभारत में इस बात के संकेत मिलते हैं कि इसका विकास तीन अवस्थाओं में हुआ–

**चतर्विंशतिसाहस्रीं चक्रे भारतसंहिताम्**
**उपाख्यानैर्विना तावद् भारतमुच्यते॥**

इस श्लोक में इस बात की ओर संकेत किया गया है कि २४००० श्लोक वाले ग्रन्थ का नाम 'भारत' था। और इससे अधिक संख्या वाले ग्रन्थ का नाम महाभारत था। ई.पी.एस.शास्त्री जो महाभारत को एक कवि की रचना मानते हैं कहते हैं कि २४००० श्लोकों में महाभारत की मुख्य कथा का वर्णन है और शेष में धर्मशास्त्रीय विचारों का प्रतिपादन है। वस्तुत: सम्पूर्ण ग्रन्थ एक ही कवि की रचना है।

परन्तु इस सम्बन्ध में यह आपत्ति की जाती है कि यदि यह तर्क मान भी लिया जाये तो भारत और– 'भारत' और 'महाभारत' इन दो नामों का कोई पृथक तात्पर्य नहीं रहता। महाभारत को एक ही कवि की रचना मानने के पक्ष में एक अन्य श्लोक में उल्लिखित है–

**मान्वादिभारतं केचित् आस्तीकादि तथापरे।**
**तथोपरिचादन्ये विप्राः सम्यक् अधिपिरे॥**

यहां मान्वादि, आस्तीकादि तथा उपरिचरादि इन तीनों से महाभारत की तीन अवस्थाओं का विकास स्पष्ट होता है। महाभारत को एक ही कवि की रचना मानने वाले माधाव ने अपने ग्रन्थ 'तात्पर्य निर्णय' में कहा है कि इस श्लोक में मान्वादि,आस्तीकादि तथा उपरिचरादि इन शब्दों के द्वारा क्रमशः महाभारत के नैतिक, एतिहासिक तथा आध्यात्मिक महत्त्व की ओर संकेत किया गया है और वस्तुतः यह एक ही कवि की रचना है। लेकिन इस मत को विद्वानों का व्यापक समर्थन प्राप्त नहीं होता तथा ऐसा माना जाता है कि इन तीनों शब्दों से महाभारत के तीन प्रारम्भों का संकेत मिलता है।

स्वयं महाभारत में विकास की दो विभिन्न अवस्थाओं में अलग-अलग लेखकों का उल्लेख मिलता है-

**अस्मिंस्तु मानुषोलोके वैशम्पायन उक्तवान्।**
**एकशतसहस्रं तु मयोक्तं वैनिबोधत्॥**

वासुदेव अग्रवाल ने भी भाषा और शैली के आधार पर महाभारत की तीन अवस्थाएं मानी हैं। प्रसिद्ध पाश्चात्य विद्वान् होपनिक्स ने कहा है कि महाभारत की मूल विषय सूचि में अनुशासन पर्व का उल्लेख नहीं है अतः निश्चित रूप से इसे बाद में जोड़ा गया है। महाभारत के विकास की तीनों अवस्थाओं को हम इस प्रकार समझ सकते हैं-

**प्रथम अवस्था**- इस विषय में सबसे पहले यह प्रश्न सामने आता है कि मूल महाभारत का प्रथम स्वरूप क्या था और उसमें कितने श्लोक थे। मूल ग्रन्थ के श्लोकों की संख्या का समाधान करने का प्रयास मैकडानल ने किया था। इन्होंने निम्नश्लोकों के आधार पर सिद्ध करने का प्रयास किया कि इसमें ८८०० श्लोक थे-

**अष्टौश्लोकसहस्राणि अष्टौश्लोक शतानि च।**
**अहं वेद्मि शुकोवेत्ति संजयो वेत्ति वा न वा॥**

परन्तु सी.वी.वैद्य मैक्डानल के मत को उचित नहीं मानते। उनका मत है कि श्लोक के उत्तरार्ध से यह प्रतीत होता है कि यह ८८०० मूल श्लोकों की संख्या न होकर महाभारत के कूट श्लोकों की संख्या है। इस प्रकार मूल महाभारत की श्लोक संख्या क्या थी यह विवाद का विषय बना हुआ है। इसी प्रकार मूल महाभारत के नाम का प्रश्न भी विवादास्पद है। ऐसा माना जाता है कि मूल महाभारत का नाम 'जय' था क्योंकि श्लोक में ही इसका उल्लेख है-

**नारायणं नमस्कृत्य नरम् चैव नरोत्तमम्।**
**देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत्॥**

परन्तु कुछ विद्वानों का मत है कि यह श्लोक तो प्रायः सभी पुराणों के प्रारम्भ में आता है। अतः इस श्लोक को मूल महाभारत के सन्दर्भ में प्रमाणित नहीं माना जाता है। इस सम्बन्ध में तीसरा यह पहलु है कि मूल महाभारत का प्रारम्भ कहाँ से हुआ? यह निश्चित रूप से कहना कठिन है कि व्यास ने कहाँ से प्रारम्भ किया परन्तु इतना लगभग निश्चित है कि महाभारत के प्रथम ६२ अध्याय से अधिकांश व्यास रचित नहीं हैं। क्योंकि इसमे सर्प यज्ञ का वर्णन है जो कि व्यास के बाद की घटना है। अतः बहुत से विद्वान् ऐसा मानते हैं कि व्यास के मूल ग्रन्थ में ६३वें अध्याय से प्रारम्भ किया।

**द्वितीय अवस्था**– इसी उत्तर में उल्लिखित श्लोक ''**चतुर्विंशति सहस्री चक्रे....।**'' के आधार पर विद्वानों ने सिद्ध किया है कि द्वितीय अवस्था में इसका नाम ''महाभारत'' था। तब इसके २४००० श्लोक पूर्ण हो चुके थे और इस में शुद्ध ऐतिहासिक कथा का समावेश किया गया। धर्मशास्त्र नियमों का नहीं।

महाभारत में उल्लिखित है कि व्यास ने अपना ग्रन्थ पांच शिष्यों को पढ़ाया। इन पांचों शिष्यों ने अपने अपने ढ़ंग से ग्रन्थ का विस्तार किया। जिसमें से इमें केवल वैशम्पायन का ग्रन्थ ही उपलब्ध होता है। वैशम्पायन ने अपना प्रवचन जनमेजय के सर्पयज्ञ के समय किया था। अतः स्वाभाविक है कि उसमें सर्पयज्ञ का भी वर्णन किया गया है। विद्वानों ने इसे महाभारत की द्वितीय अवस्था माना है।

**तृतीय अवस्था**– सौति ने स्वयं को एक लाख श्लोकों वाली महाभारत का रचयिता माना है। ''अस्मिंस्तु मानसे लोके..............।'' इस आधार पर विद्वानों ने यह मत स्थापित किया है। सौति द्वारा लिखित लक्ष श्लोकी महाभारत ही हमारे सामने उपस्थित है क्योंकि सौति ने जिस विषय सूची का वर्णन किया है। वह उपलब्ध महाभारत से मेल खाती है। जहाँ तक महाभारत के हरिवंशपर्व का सम्बन्ध है कुछ विद्वानों ने इसे खिल पर्व या परिशिष्ट पर्व माना है।

**विकास के कारण**– यहाँ यह स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि व्यास ने जिस छोटी संहिता का निर्माण किया था उसका एक लाख श्लोकों में विकास क्यों किया गया।

(१) श्रोडर का विचार है कि मूल रूप से महाभारत की रचना कुरुवंश के चारणों ने की थी। तथा उसमें ब्रह्मा के महत्त्व का प्रतिपादन करना लक्ष्य था। परन्तु जब कृष्ण को अवतार के रूप में माना जाने लगा तो विष्णु का महत्त्व प्रतिपादित करने के लिए इसका विस्तार किया गया।

(२) हौल्समैन का विश्वास है कि मूल महाभारत में कौरव नायक थे परन्तु जब बाद में पांडवों को नायक तथा कौरवों को खलनायक सिद्ध करने के लिए इसका विस्तार किया गया।

(३) ग्रेयरसन का मत है कि महाभारत के विकास का प्रमुख कारण ब्राह्मण और क्षत्रियों का संघर्ष है। उनके अनुसार मूल महाभारत में ब्राह्मणों का महत्त्व था। परन्तु बाद में पांचालों की सहायता से क्षत्रियों की विजय दिखाई गयी।

भारतीय विद्वानों का मत है कि श्रोडर एवं ग्रेयरसर के मतों का कोई पोषक प्रमाण महाभारत में उपलब्ध नहीं होता जहाँ तक हौल्समैन के मत का सम्बन्ध है, उस विषय में भण्डारकर का कहना है कि अभिलेखों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि वर्तमान महाभारत ४०० ई० में अपने अस्तित्व में आ चुकी थी। वस्तुतः महाभारत के विकास का एक मात्र कारण उसे एतिहासिक ग्रन्थ बनाये रखने की अपेक्षा धर्म शास्त्र का स्वरूप देने का प्रयास किया प्रतीत होता है।

**–सहायक सम्पादक,**
**दिल्ली संस्कृत अकादमी,**
**दिल्ली सरकार**

# SEEING VEDAS, EPICS, DHARMASHASTRAS,PURANS WITH THE HISTORICAL POINT OF VIEW AND THEIR CONTRIBUTION TO ANCIENT INDIAN HISTORY AND UP TO EARLY MEDIEVAL INDIA:

**-Rishabh kharole**

We see Sanskrit as a prominent language as the source of information in ancient history and up to early medical india, as we know VEDAS, EPICS (RAMAYANA, MAHABHARTA), THE PURANS, DHARMASHASTRA etc. are the main literary sources of ancient history, hance there is no need of telling that how much ancient Indian history is co-related with the Sanskrit language or what its contribusion in history.

While studying this sources in the historical contaxt - we see all the literary works are connected to the historical context in which they are produced and in which they circulate, however an ancient text does not necessarily offer a simple or direct reflection of the society of its time.

Analysing a text from the historical point of view does not mean mechanical plucking out self-evidents 'facts'. The information a text provides has to be carefully understood within the framework of the particular genre or type of literature it represent.

According to the classification of literary sources on the basis of language, genre, and contained the oldest surviving text in Indian subcontinent -THE VEDAS are in Sanskrit.

Sanskrit belongs to the Indo-Iranian france of the Indo-Europian family of languages, as do ancient PALI and PRAKRIT.

There were various dialects of Prakrit -e.g.- Maharashtri, shauraseni, and magadhi.

Some of major literary sources for the history of ancient and medieval India are as the volume of texts is considerable, these should only be considered as a representative sample. The idea is to give a brief introduction to their range with a special focus on texts frequently used and cited by the historian. Most of these works were not historical texts i.e. they were not written with the conscious aim of maintaining an account what happened in past. But, as we shall see the course of this book, texts of any kind can be used as source of history.

**THE VEDAS**

In the Hindu religion, the Vedas have the status of SHRUTI (that which has been heared). They are thought to a body an eternal, self existent truth realized by the reshis in a state of meditation or revealed to them by the GODS. The category of smriti (remembered) texts includes the vedanga, Purana, Epics, Dharmashashtra, and Nitishashtra.

The word Veda comes from the root vid (to know) and it means knowledge. There are four Vedas RIG, SAMA, YAJUR, AND ATHARVA. The rigveda contains the world's oldest serviving poetry, some of it of extraordinary beauty and philosophical depth. Each veda has four parts, the last three of which sometimes blends into eachother- the SAMHITA, BRAHMANA, ARANYAKA, and UPNISHADS.

THE RIGVEDA samhita is a collection of 1028 hymns (suktas) arranged in 10 books (mandala). The SAMAVEDA consists of 1810 verses, mostly borrowed from the rigveda, and arranged according to musical notation, the original melodies in it are, however lost. The YAJURVEDA deals with the performance of rituals.

The ATHARVAVEDA us the latest Veda and contains hymns( some from rig Veda) but also spells and charms which reflects aspects of popular beliefs and practice.

There are 108 UPNISHADS among which 13 are considered as the principal ones. Upanishads contain a great variety of philosophical ideas about sacrifice, the body and the univers, but are most closely associated with the concepts of ATMAN & BRAHMAN.

There are numbers of suppelymentary texts known as VEDANGA (limbs of Veda) aimed at helping the proper recitation, use, and understanding of Vedas. These include works phonetics(shiksha), metre (chhanda), grammer(vyakaran), etymology(nirukta), ritual (kalpa), and astronomy (jyotisha).

**TWO SANSKRIT EPICS: RAMAYANA & MAHABHARATA**

This two falls within the category of samriti as well as itihasa (traditional history), although the Ramayana is sometimes classified as the KAVYA (poetry).

Similar in language and style suggest that they emerged from a common culture milieu. The Mahabharata refers to VALMIKI and the Ramayana, & outlines the RAMA story in a section called the Ramopakhyana.

The two epics were clearly aware of each other at least in their stages of development. The composition of the Mahabharata can be placed between c. 400 BCE and Ramayana between 5th/4th century BCE and the 3rd century CE.

The Mahabharata consists of 18 parves (books) and has two main recenrns a conflict

between the two sets of cousin - the KAURAVAS & PANDVAS and a great war that fought between them at kurukshetra.

– According to tradition it was composed by VYASA, but in its present form, it is clearly not the work of a single indivusual.

– –The Ramayana exists in the form of two main recension - northern and southern, this epic consists of seven Kansas(books), of which the first is BALAKANDA and last is UTTARA KANDA are later interpolations.

The basic story is about RAMA, price of kosala; his wicked steomother Saburi, the abduction of his wife SITA by RAVANA(king of Lanka); Sita's rescue; and return of Rama to capital ayodhya, to become king.

The compact vocabulary and style indicate that the core of the text was the work of a single individual, traditionally identified as VALMIKI.

The popular dynamism of the Rama story is indicated by the fact that apart from the Valmiki Ramayana there are numerous other tellings of Rama story jain version (daumachariu) Buddhist version (the dasarath jataka in pali), Tamil version by Kamban (the iramvataram) and Ramacharitmanas by Tulsidas in 16th century. Rama enjoyed great population in other parts of Asia as a well and there are various tellings of the story in Tibet, Mayanmar, Laos, Cambodia and Indonesia.

**THE PURANS**

The word purana means 'old', according to tradition, the purana were composed by Vyasa, but it is clear that in the form in which they have come down to us, they were not work of one person nor of one age. There are 18 Mahapuranas and many more Uppuranas (secondary puranas).

The standard list of 18 Mahapuranas includes VISHNU, NARADA, BHAGAVATA, GARUDA, PADMA, VARAHA, MATSYA up to VAMANA & BRAHMA.

It seems that the origins of the Puranas may have overlapped to some extent with the VEDAS, but their composition streaches forword into the 4th-5th centuries CE. and in some cases even later.

- According to Puranas there are four ages or yugas - KRITI, TRETA, DVAPARA, & KALI all consists of thousands of thousands of years.

The Puranas especially the VAYU, BRAHAMANDA, BRHMA, HARIVAMSHA, MATSYA, & VISHNU- do provide useful information on ancient political history.

Also Puranas have accounts of mountains, rivers and places which are useful for study of historical geography. They also reflects the emergence of religious cults based on devotion, especially towards God Vishnu and Shiva and the Goddess SHAKTI.

Puranas had a very important function in the brahminical tradition as vehical of brahminical social and religious values and at some time gives much information about brahminical and non-brahminical interreaction and emergency as well as development of Hindu religious practices.

**THE DHARMASHASHTRA**

The Sanskrit word DHARMA (from the root dhri- which means 'to maintain', support, or sustain) is very rich in meaning and difficult to translate. The concept of DHARMA is based on the idea that the moral laws guiding people'a lives should be in consonance with the natural law.

The Dharmashashtra provide an ideal practice condition to be conduct with detail in various stages of life as well. A person's Dharma depends on gender, age, maritial status, varna and ashrama.

We get detailed information of socio structure and religious practices which people in ancient times might have necessarily followed. Although the Dharmashastra texts do not directly describe the society of their time, certain interences about social practices can be made on their basis.

**-Zakir hussain post evening College (D.U.)**

**एक साहित्यिक त्रैमासिक पत्रिका**

**एवं**

**समकालीन साहित्य के रचनात्मक मूल्यांकन की जीवन्त प्रस्तुति**

**तथा**

**सम्पूर्ण देश के प्रसिद्ध साहित्य-साधकों के साथ-साथ नवोदित प्रतिभाओं की सशक्त लेखनी की संयुक्त प्रस्तुति**

# "संस्कृत मञ्जरी"

(आई.एस.एस.एन-2278-8360)

**संस्कृत भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार हेतु सतत प्रयत्नशील दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा प्रकाशित एक ऐसी सम्पूर्ण साहित्यिक पत्रिका जो सहज मानवीय संवदेनाओं, शोध-निबन्धों तथा उदात्त जीवन-मूल्यों का अनूठा संगम और प्रत्येक वर्ग के पाठक-समुदाय की अपेक्षा के अनुकूल पठनीय एवं संग्रहणीय है।**

मूल्यः- एक प्रति रु. 25/- मात्र, वार्षिक सदस्यता शुल्क रु.100/- मात्र

सुरुचि सम्पन्न स्वस्थ सकारात्मक अभिव्यक्ति की संवाहिका

# "संस्कृत मञ्जरी"

**के स्थायी अध्येता बनें।**

**आज ही अपना वार्षिक सदस्यता शुक्ल नगद, मनिआर्डर अथवा दिल्ली में भुनाये जाने योग्य बैंक ड्राफ्ट दिल्ली संस्कृत अकादमी के नाम से भिजवाकर सदस्यता प्राप्त करें। शुल्क मल्टी सिटी चैक द्वारा भी स्वीकार्य होगा।**

पत्र व्यवहार का पता --

**सचिव/ सम्पादक, दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार**

**प्लाट सं.-५ झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-११०००५**

**दूरभाष सं.- ०११-२३६३५५९२, २३६८१८३५**

RNI No.
DELSAN/2002/8921

प्रकाशक एवं मुद्रक सचिव, दिल्ली संस्कृत अकादमी के स्वामित्व में दिल्ली संस्कृत अकादमी, प्लाट सं.-5 झण्डेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली-110005 से प्रकाशित।